
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 29 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जैन धर्म का मूल विस्तार यह है कि वह प्रत्येक आत्माओं को परमात्मा बनाने की क्षमता को बताता है।

The fundamental of jainism is that it explains every soul's capability to become god.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# पेपर लीक रोकने का सख्त कानून लोकसभा में पास

- 7 साल की सजा, 10 करोड़ तक जुर्माना
- राज्यसभा में वंदेमातरम से जुड़ा संशोधित बिल पास



**नई दिल्ली।** लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ा 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 बुधवार को ध्वनि मत से पास हो गया। बिल पर मंगलवार को 9 घंटे चर्चा हुई। बुधवार को विपक्ष की तरफसे राहुल गांधी बिल पर 50 मिनट बोले। विपक्ष के हंगामे के बीच बिल पास हुआ। इसके तहत पेपर लीक से जुड़े कानून सख्त कर दिए हैं। अब पेपर लीक से जुड़े अपराधों में अधिकतम 10 साल तक की जेल और 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) बिल पास हो गया। अब जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम को कानूनी संरक्षण मिलेगा। वंदे मातरम का अपमान, अनादर और गायन में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छात्रों को दी बधाई

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में 'सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधन रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' के पारित होने पर देशभर के छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सार्वजनिक परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने और युवाओं के सपनों व आकांक्षाओं की रक्षा के लिए सख्त कानूनी प्रावधान सुनिश्चित करता है। अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि लोकसभा में इस महत्वपूर्ण विधेयक के पारित होने पर भारत के सभी छात्रों को बधाई। उन्होंने कहा कि यह कानून सार्वजनिक परीक्षाओं में



अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वालों और परीक्षा की पवित्रता भंग करने वालों के खिलाफ सबसे कठोर सजा का प्रावधान करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह संशोधन विधेयक युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं की रक्षा के लिए लाया गया है। इसके जरिए सार्वजनिक परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को और मजबूत किया जाएगा। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि मोदी सरकार छात्रों के भविष्य को खतरे में डालने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफकानून की पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और उन्हें कठोर दंड दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सरकार का मानना है कि नए संशोधन के लागू होने से सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगेगी और ईमानदार अभ्यर्थियों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# गुरु पूर्णिमा पर कोसमनारा पहुंचे मुख्यमंत्री, सत्यनारायण बाबा धाम में की पूजा-अर्चना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ के ग्राम कोसमनारा स्थित प्रसिद्ध श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। गुरुजनों का आशीर्वाद जीवन को सही दिशा देने के साथ आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि कोसमनारा स्थित श्री सत्यनारायण बाबा धाम लोगों की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा श्रद्धालुओं को आत्मबल और शांति प्रदान करती है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इस पवित्र धाम में आकर पूजा-अर्चना करना उनके लिए सौभाग्य का अवसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुजनों के आशीर्वाद और जनता के विश्वास के साथ जनकल्याण के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रही है। सरकार का प्रयास है कि विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# काशी विश्वनाथ धाम में सावन को लेकर तैयारियां पूरी

- एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

**काशी।** विश्वनाथ धाम में सावन को लेकर तैयारियां पूरी, एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास और कांवड़ की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने सावन में काशी विश्वनाथ धाम में लगभग 1 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई है।

विश्वभूषण मिश्रा ने न्यूज़ एजेंसी से बातचीत में कहा, श्री काशी विश्वनाथ धाम में सावन के महीने में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत और सुरक्षा के साथ-साथ उनके दर्शन को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। हमारे स्टैंडर्ड



ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के अनुसार, श्रद्धालुओं के लिए जिग-जैग कतार व्यवस्था, छायादार जगह, ग्लूकोज-पानी की सुविधा और बारिश से बचाव जैसे इंतजाम किए गए हैं। विश्वभूषण मिश्रा ने आगे बताया कि सावन के पहले और प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं पर फूल वर्षा की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए सभी प्रकार के अनुरोध और प्रोटोकॉल दर्शन और काशी द्वार फिलहाल अभी प्रतिबंधित किया गया है। यह कदम भीड़ को देखते हुए उठाया गया है।

# किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी को चेतावनी दी

- पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान बार-बार असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया तो भड़के, बोले- माफी मांगें

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों, शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। हालांकि राहुल गांधी ने अपने भाषण में कई बार पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के लिए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया। इसके कारण सत्ता पक्ष एनडीए के सांसदों ने भारी हंगामा



किया। भाषण के दौरान राहुल गांधी की 'इडियट' और 'अंधभक्त' और अमित शाह पर राहुल को गोली मारने के लिए आदेश देने का आरोप लगाया। इस पर सत्ता पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई, जिसके बाद सदन में जोरदार हंगामा हुआ। राहुल गांधी के इन आरोपों पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भड़क गए। उन्होंने राहुल गांधी से माफी की मांग की। जबकि स्पीकर ओम बिरला को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा। राहुल गांधी ने पेपर लीक से जुड़े बिल पर 50 मिनट स्पीच दी। उन्होंने इडियट और अंधभक्त जैसे शब्द बोले। फिर कहा कि गृहमंत्री ने दिल्ली में छात्रों पर फायरिंग के आदेश दिए। इसको लेकर सत्तापक्ष ने जमकर हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 5 बार खड़े होकर राहुल को टोका और संसदीय रूल्स का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। जबकि स्पीकर ओम बिड़ला ने भी राहुल को 10 से ज्यादा बार टोका। कहा कि वे इस तरह के असंसदीय शब्द नहीं बोल सकते।

# हरजिंदर कौर और गुलवीर की रजत पदक जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई

- खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों हरजिंदर कौर और गुलवीर को बधाई दी है।



प्रधानमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके संकल्प, समर्पण और मेहनत को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का लगातार बेहतर प्रदर्शन देश के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री ने महिला 69 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली हरजिंदर कौर को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हरजिंदर का यह प्रदर्शन उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रहा है और यह देखकर खुशी होती है कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलक लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हरजिंदर कौर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि देश के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा देगी।

# राहुल गांधी की प्रेस-कॉन्फ्रेंस के बाद अमित शाह की बड़ी बैठक

- संसद भवन से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आतंरिक सुरक्षा को लेकर संसद भवन में एक अहम समीक्षा बैठक ली है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और आईबी चीफ भी मौजूद हैं। गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को भी दिल्ली में प्रदर्शनों के बीच देर रात तक हाई लेवल मीटिंग ली थी। जिसमें गृह सचिव और आईबी चीफ के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गृहमंत्री की हाई लेवल मीटिंग से बड़े फैसले की हलचल के संकेत है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल देश के संवेदनशील व सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद भवन पहुंचे। वे गृह



मंत्री अमित शाह और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में सीमाओं की सुरक्षा, क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों और सामरिक मामलों पर विस्तृत रणनीति तैयार करने को लेकर चर्चा हुई। लोकसभा में लोक परीक्षा संशोधन बिल पास होने के बाद भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की।







# उत्तराखंड में भारी बारिश, चार धाम यात्रा रुकी



**नई दिल्ली।** देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के बाद चार धाम यात्रा 2 दिन के लिए रोक दी गई है। चंपावत, बागेश्वर और टिहरी में 12वीं तक के स्कूल-आंगनवाड़ी में छुट्टी कर दी गई है। राजस्थान के धौलपुर में तेज बारिश से बाजारों में पानी भर गया। वहीं, राज्य के 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। गुजरात में भारी बारिश और बाढ़ से टाटा मोटर्स के साणंद प्लांट और आसपास मौजूद कई सप्लायर की यूनिट बंद करानी पड़ीं। छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने की तीन घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। राज्य में अगले दो दिन भारी बारिश की चेतावनी है। देश के ऊपर दो सिस्टम मौजूद हैं। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ होते हुए आगे बढ़ रहा है। आईएमडी ने 4-5 दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से ज्यादा और पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

# उरला औद्योगिक क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पर संयुक्त बैठक





**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) श्रीमती दीपमाला कश्यप द्वारा आज दिनांक 29.07.2026 को उरला औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम, सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना तथा पुलिस एवं उद्योग संगठनों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

बैठक के दौरान पुलिस उपायुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र में घटित होने वाली चोरी, नकबजनी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए अपराधियों की शीघ्र पहचान एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना पर विशेष फोकस करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक एवं डिजिटाइजेशन के माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विशेष जोर दिया गया। उद्योग संगठनों से अपील की गई कि औद्योगिक क्षेत्र के सभी प्रमुख प्रवेश एवं निकास मार्ग पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की प्रभावी निगरानी की जा सके। इसके साथ ही ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने पर चर्चा की गई, जहां पूर्व में अधिक संख्या में आपराधिक घटनाएं घटित हुई हैं। बताया गया कि कई मामलों में घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं होने के कारण आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी में पुलिस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए पुलिस उपायुक्त ने उद्योग संगठनों से जनसहयोग के माध्यम से इन संवेदनशील स्थानों पर शीघ्र सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने की अपील की।बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न राज्यों से आए कॉन्ट्रैक्ट लेबर एवं श्रमिकों के अनिवार्य पुलिस सत्यापन पर भी विशेष बल दिया गया। सभी उद्योगों एवं कंपनियों से कहा गया कि वे अभियान चलाकर एवं विशेष शिविर आयोजित कर अपने यहां कार्यरत श्रमिकों का सत्यापन कराएं, जिससे किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की समय रहते पहचान की जा सके। उद्योग संगठनों से यह भी कहा गया कि वे अपने यहां कार्यरत लेबर ठेकेदारों की अद्यतन सूची तैयार रखें तथा समय-समय पर ठेकेदारों के साथ बैठक आयोजित कर श्रमिकों के सत्यापन एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं। कंपनियों में कार्यरत प्राइवेट सुरक्षा गार्डों की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। इस संबंध में सभी उद्योगों को निर्देशित किया गया कि वे अपने सुरक्षा गार्डों की नियमित बैठक आयोजित करें तथा पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं। सुरक्षा गार्डों को संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया।

# गुरु ही मोक्षमार्ग पथ प्रदर्शक, उनके ज्ञान को न नापा तौला नही जा सकता : अभय सागर



**सागर (विश्व परिवार)** । गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाग्योदय तीर्थ में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के दौरान निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यदि प्रभु और गुरु दोनों सामने हों तो सबसे पहले गुरु के चरणों में वंदन करना चाहिए, क्योंकि गुरु ही प्रभु तक पहुंचने का मार्ग बताते हैं । उन्होंने कहा कि गुरु केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करने वाली साधना का भी मार्ग प्रशस्त करते हैं ।

मुनिश्री ने आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज एवं आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के गुरु-शिष्य संबंध का स्मरण करते हुए कहा कि आचार्य ज्ञानसागर महाराज ने विद्याधर को दीक्षा देकर मुनित्व प्रदान किया, उन्हें आचार्य पद के योग्य समझकर आचार्य पद से विभूषित किया तथा संलेखना और समाधि मरण की संपूर्ण विधि भी सिखाई । अपने अंतिम समय में स्वयं नीचे बैठकर आचार्य विद्यासागर महाराज के चरणों में बार-बार नमस्कार करते हुए समाधि करने की इच्छा व्यक्त की। यह गुरु-शिष्य परंपरा का अद्वितीय उदाहरण है ।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसी मंदिर पर कलश स्थापित होने के बाद ही वह पूर्ण माना जाता है, उसी प्रकार योग्य शिष्य को आचार्य पद प्रदान कर गुरु अपनी परंपरा को पूर्णता प्रदान करते हैं ।मुनिश्री ने कहा कि जैसे विद्युत आपूर्ति का केंद्र पूरे क्षेत्र में ऊर्जा का वितरण करता है, उसी प्रकार आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने अपने विशाल गुरुकुल के माध्यम से धर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। उनके शिष्यों ने देशभर में धर्मध्वजा को ऊंचाइयों तक पहुंचाया । वर्षायोग के प्रथम दिवस वर्षा का प्रारंभ होना भी शुभ संकेत है । उन्होंने बताया कि चातुर्मास का वर्षायोग 105 दिनों का होता है ।

प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि ज्ञानी जब ज्ञानी से मिलता है तो ज्ञान का आदान-प्रदान होता है, जबकि अज्ञान का संग लाभदायक नहीं होताण। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से सदैव सद्गुरु और सज्जनों की संगति अपनाने का आह्वान किया ।

इस अवसर पर मुनि श्री चंद्र सागर महाराज ने कहा कि जैसे चंदन की सुगंध लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है, वैसे ही आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के व्यक्तित्व की आध्यात्मिक सुगंध से हजारों-लाखों श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए स्वतः खिंचे चले आते थे । उन्होंने कहा कि सामान्यतः दीपक के नीचे अंधेरा होता है, किंतु आचार्य विद्यासागर महाराज ऐसे गुरु थे ।

# महापौर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर पालिक निगम जोन 8, 9, 10 के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठकों में विभिन्न वार्डों की जनसुविधाओं, विकास कार्यों, जल निकासी व्यवस्था, जलभराव, अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए इनकी बिंदुवार गहन समीक्षा करते हुए सम्बंधित जोन अधिकारियों को जनहित से जुड़े सभी मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं।

नगर निगम जोन 8 की समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने विस्तृत जानकारी लेकर पार्षदो से चर्चा कर कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कार्यों की कछुआ छाप गति पर गहन नाराजगी व्यक्त की एवं अधिकारियों को जनहित से संबंधित कार्यों को तत्काल गतिमान करने एवं जनसमस्याओं का वार्ड पार्षदो के साथ समन्वय रखकर कार्य करते हुए वार्डो में त्वरित निदान करवाकर वार्डवासियों को राहत दिलवाने के कडे निर्देश दिये है।

नगर निगम जोन क्रमांक 9 की समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती मीनल चौबे को वार्ड पार्षदों द्वारा वार्ड क्रमांक 8 सहित विभिन्न क्षेत्रों में नालों पर अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण के कारण प्रभावित हो रही जल निकासी व्यवस्था से सम्बंधित विषयों के सम्बन्ध में अवगत करवाया गया।


## कार्यालय, नगर पंचायत चंदखुरी जिला-रायपुर (छ0ग0)

cmo.chandkhuri@gmail.com

क्रमांक /866 / न0पं0 / लो0नि0वि0/2026 — चंदखुरी दिनांक 29/07/2026

### !! मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम) !!

नगर पंचायत चंदखुरी जिला-रायपुर (छ.ग.) में निम्नानुसार निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र₇ में प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building SOR & PWD Electrical SOR w.e.f. 10.06.2026 PWD Road SOR 15.06.2026, PHE SOR 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर (निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसार) आमंत्रित की जाती हैं। निर्धारित निविदा प्रारूप विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 20/08/2026 समय 03:00 बजे -
निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि — 24/08/2026 समय 5:30 बजे
निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय — 07/09/2026 समय 4:00 बजे
निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय — 07/09/2026 समय 5.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि | ठेकेदार का वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 01 संतोष पटेल के घर से बनश धीवर के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (5.32) वार्ड क्र. 01 मन्नू वर्मा के घर से होमन पटले के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (2.21) | 6.38 | 5000/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 2 | वार्ड क्र. 02 देवेन्द्र वर्मा के घर से मुख्य नाली तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (3.37) वार्ड क्र. 02 भरनी तालाब से नहर नाली तक आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य (3.58) | 5.89 | 5000/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 3 | वार्ड क्र. 05 रूपसिंग सेन के घर से कोड्डू धीवर के खलिहान होते हुए मेहत्तर धीवर के घर तक घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (5.51) वार्ड क्र.05 बेनीराम साहू के घर से कांजी हाऊस तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (2.67) | 6.93 | 8340/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 4 | वार्ड क्र. 06 मेहत्तरू वर्मा के खलिहान से रामभरोसा के घर होते हुए जनक धीवर के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 4.19 | 4190/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 5. | वार्ड क्र. 07 लखन धीवर के घर से सुरेश देवांगन के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (2.43) वार्ड क्र. 07 रामकुमार साहू के घर दाऊलाल साहू घर तक आर.सी.सी. नाली के घर से नरोत्तम वर्मा के घर तक आर.सी. निर्माण कार्य (1.65) वार्ड क्र. 07 भुलेराम साहू सी. नाली निर्माण कार्य (1.99) वार्ड क्र. 07 युवराज साहू ब्यारा से हरिशंकर धीवर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (0.77) | 5.79 | 5000/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 6 | वार्ड क्र. 08 परशुराम धीवर के घर से दुलार धीवर के घर होते हुए थनवार धीवर के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 8.39 | 6293/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 7 | वार्ड क्र. 10 ओंमकार वर्मा के दुकान से नहर नाली तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 5.83 | 5000/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 8. | वार्ड क्र. 10 रामचंद्र के घर से मुख्य मार्ग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 3.06 | 3060/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 9 | वार्ड क्र. 11 राधाकृष्णा मंदिर से सरस्वती शिशु मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 6.88 | 5160/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 10 | वार्ड क्र. 13 धनेश घृतलहरे के घर से सनत वर्मा के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 4.28 | 4280/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 11. | वार्ड क्र. 13 टकेश्वर वर्मा के घर से फगवा डहरिया के घर एवं पी.डी.एस. भवन के पास नाली निर्माण कार्य । | 5.09 | 5000/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |
| 12 | वार्ड क्र. 14 जगदीश मारकन्डे के घर से ईश्वर ध्रुव के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 7.32 | 5490/- | 750 | 04 माह | "D" & Above |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय मे प्राप्त की जा सकती हैं।

**टीपः-**
निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी.डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी**
**जिला - रायपुर छ.ग.**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33864/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33864**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR221A00013** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DINESH KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SADHU RAM SACHDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती किरन जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री अशोक कुमार जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33866/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33866**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR221B0506C** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NANKU RAM YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **G.D. YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री कंवलजीत सिंह छाबड़ा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री धरम सिंह छाबड़ा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./33865/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33865**
**वार्ड का नाम-14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR221A00014** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR PARMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DEV JI BHAI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती किरन जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री अशोक कुमार जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33833/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33833**
**वार्ड का नाम-34-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **34** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224G00051** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RESHAM LAL JAGDE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. TIKARAM JANGDE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **किरण बाला निराला** पिता/पति, श्री/श्रीमती **प्रताप सिंह प्रधान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33671/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33671**
**वार्ड का नाम-43-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757E00029** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJENDRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SATYANARAYAN SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **एकांश शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. योगेन्द्र शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमति पत्र, बंटवारानामा, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33669/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33669**
**वार्ड का नाम-43-ब्राम्हणपारा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757E0029A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJENDRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SATYANARAYAN SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मनीष शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. उमेश कुमार शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमति पत्र, बंटवारानामा, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./33869/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33869**
**वार्ड का नाम-57-भगवती चरण शुक्ला वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448D0123A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PVT VENCHERS DIR SHRI MANOJ CHOPDA S/O MANOHAR CHAND CHOPDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **डॉ. रूचिरा राज** पिता/पति, श्री/श्रीमती **डॉ. राकेश पांडे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.), फोन नं.-0771-2991574
email Id- eocghbzone03@gmail.com

### आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास** योजनांतर्गत कॉलोनी **डूमरतराई फेस-I, जिला रायपुर में स्थित एम.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-132 ब्लॉक-06, तृतीय तल, (जी+6) श्री जसविन्दर सिंह, पिता- श्री बलवंत सिंह,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश **क्रमांक 11545 दिनांक 25.11.2009** द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में **दिनांक 31.10.2013** कोलीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत **दिनांक 19.02.2015** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड)निष्पादित करा लिया गया लिया है, हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को **क्रेता श्री शोभित सहाय, पिता- श्री कुंजेश्वर सहाय, निवासी- सुन्दरनगर, रायपुर** ( छ.ग. ) के पक्ष में **दिनांक 14.10.2015** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान क्रेता **श्री शोभित सहाय, पिता- श्री कुंजेश्वर सहाय,** द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /25500/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 10-12-2025

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 25500**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I01577** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANJALI KORI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE AJAY KUMAR KORI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAVITA VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHESHNARAYAN VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33844/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33844**
**वार्ड का नाम-30 - शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331F00100** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. REHANA BANO** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOHAMMAD IBRAHIM SARIF** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. VIBHA RAI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SANTOSH KUMAR RAI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33845/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33845**
**वार्ड का नाम-29 - गुरू गोविन्द सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334E00238** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. NIKAHAT FIRDOS** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SHAHID KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सैय्यद अब्दुल वहीद** पिता/पति श्री/श्रीमती **सैय्यद अब्दुल हमीद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत बैनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./33846/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 29-07-2026

### इश्तिहार
**नामांतरण प्र.क्र. 33846**
**वार्ड का नाम-33 - शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 33 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332H00080** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MADHVI SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MADAN LAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. RIDDHIMA JEWANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O KAMLESH KUMAR JEWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनेगा महतारी सदन- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

## थाड़पाथर में 24.70 लाख रुपये की लागत से बने सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन का लोकार्पण



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत थाड़पाथर में नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण किया। लगभग 24 लाख 70 हजार रुपये की लागत से निर्मित यह भवन ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और कौशल विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

महतारी सदन में विशाल हॉल, स्टोर, किचन, कार्यालय कक्ष तथा दुकान संचालन के लिए अलग स्थान उपलब्ध कराया गया है। भवन के पीछे सामुदायिक शौचालय का निर्माण भी किया गया है, जिससे यह परिसर महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है।

लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि महतारी सदन योजना छत्तीसगढ़ को महिला केन्द्रित विकास का मॉडल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह भवन केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि माताओं और बहनों के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि ष्महतारी सदन केवल महिलाओं की तरक्की का आधार नहीं बनेगा, बल्कि पूरे प्रदेश की प्रगति का आधार बनेगा। यह महिलाओं की शक्ति, सम्मान और आत्मविश्वास को नई पहचान देगा तथा शिक्षा, कौशल और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य महतारी सदनों को महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों से जोड़कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। इन केंद्रों में महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, हस्तशिल्प, कृषि-आधारित प्रशिक्षण, खाद्य प्रसंस्करण तथा डिजिटल साक्षरता जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार और उद्यमिता से जुड़ सकें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से जागरूक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। महतारी सदन जैसी पहलें ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को बैठक, प्रशिक्षण, उत्पादन, विपणन और सामुदायिक नेतृत्व के लिए एक स्थायी मंच प्रदान करेंगी।

स्थानीय महिलाओं ने महतारी सदन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें समूह बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आयवर्धन गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे गांव में महिलाओं की सहभागिता और आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधिगण व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला कन्या शिवनन्दनपुर की छात्राओं को मिले छाते



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** अखिल भारतीय अग्रवाल सभा विश्रामपुर इकाई द्वारा बुधवार को शासकीय कन्या प्राथमिक शाला शिवनन्दनपुर की छात्राओं को वर्षा से बचाव हेतु छातों का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य अल्ट्राटेक सीमेंट के सौजन्य से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा श्री सतपाल तायल, चैंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री रितेश जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री रमेश दनोदिया, अधिवक्ता श्री प्रदीप गर्ग, श्री जतिन तायल, श्री विजय गोयल, श्री सुनील जैन, श्री राकेश अग्रवाल, श्री रिंकू गोयल, श्री सनी अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंशुल गोयल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विद्यालय की ओर से संकुल समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय ने सभी अतिथियों, अखिल भारतीय अग्रवाल सभा एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मनीषा लकड़ा, संजू एवं संकुल समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।

## मोल्ड-टेक पैकेजिंग लिमिटेड का तिमाही मुनाफ़ा 14.17 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली -** रिजिड प्लास्टिक पैकेजिंग कंपनी ने 30 जून को खत्म हुई तिमाही में 25.57 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफ़िट दर्ज किया, जबकि एक साल पहले यह 22.40 करोड़ रुपये था। रेवेन्यू सालाना आधार पर 24.90 प्रतिशत बढ़कर 240.56 करोड़ रुपये से 300.45 करोड़ रुपये हो गया। एबिटडा 19.10 प्रतिशत बढ़कर 56.43 करोड़ रुपये हो गया, जबकि प्रति किलोग्राम एबिटडा क्यू1 एफवाय27 में 46.68 रुपये के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर (हिस्टोरिकल हाई) पर पहुंच गया; इसकी तुलना में क्यू1 एफवाय26 में यह 41.64 रुपये प्रति किलोग्राम था। इसमें बेहतर कैपेसिटी यूटिलाइज़ेशन, हैदराबाद यूनिट्स के कंसोलिडेशन और ज़्यादा मार्जिन वाले फार्मा पैकेजिंग बिज़नेस से बेहतर योगदान का अहम रोल रहा। टैक्स से पहले का प्रॉफिट 13.86 प्रतिशत बढ़कर 34.17 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में यह 30.01 करोड़ रुपये था। चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर जे. लक्ष्मण राव ने कहा: युद्ध जैसी मौजूदा स्थिति के बावजूद, मोल्ड-टेक पैकेजिंग लिमिटेड ने एफवाय 2026-27 की मज़बूत शुरुआत की और 30 जून, 2026 को खत्म हुई पहली तिमाही में शानदार परफॉर्मेंस दी। हैदराबाद में यूनिट्स को एक साथ लाने और ज़्यादा कैपेसिटी का इस्तेमाल करने से बेहतर एबिटडा हासिल हुआ।

## सैमसंग गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी Z फोल्ड8 और गैलेक्सीZ फ्लिप8 ने भारत में प्री-ऑर्डर का नया रिकॉर्ड बनाया

**गुरुग्रामः** सैमसंग के 8वीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी Z फोल्ड8 और गैलेक्सी Z फ्लिप8 ने प्री-ऑर्डर के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह भारत में फोल्डेबल टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और ग्राहकों के ज़बरदस्त उत्साह को दर्शाता है। 22 जुलाई को भारत में लॉन्च होने के महज़ 72 घंटों के भीतर इन नए डिवाइसेस के लिए 2,71,000 से अधिक प्री-ऑर्डर दर्ज किए गए। पिछले साल, सैमसंग इंडिया को अपने गैलेक्सी Z फोल्ड7 और Z फ्लिप7 के लिए इतने ही प्री-ऑर्डर पाने में 15 दिन लगे थे। गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी Z फोल्ड8 और गैलेक्सी Z फ्लिप8 ने यह शानदार सफलता हासिल की है, जिसमें 45 प्रतिशत प्री-ऑर्डर टियर 2 और उससे छोटे शहरों से आए हैं। यह इन क्षेत्रों में फोल्डेबल डिवाइसेस की बढ़ती मांग को दर्शाता है, जिससे यह अपार संभावनाओं वाले एक नए बाज़ार के रूप में उभर रहा है। यह उछाल न केवल फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की व्यापक लोकप्रियता को दिखाता है, बल्कि ग्राहकों की बदलती पसंद को भी दर्शाता है, जहाँ नया इनोवेशन अब सिर्फ बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रह गया है। इस अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए, सैमसंग को भरोसा है कि वह इस साल की शुरुआत में लॉन्च हुई S26 सीरीज़ के बराबर प्री-ऑर्डर हासिल कर लेगा, जो फोल्डेबल टेक्नोलॉजी को तेज़ी से अपनाए जाने का संकेत है। जेबी पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया ने कहा, "हमारी नई गैलेक्सी Z सीरीज़ को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया भारत में उन नई और आधुनिक तकनीकों की बढ़ती मांग को दिखाती है।

## नशामुक्त भारत अभियान सूरजपुर में जिला स्तरीय युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** विगत दिवस में विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने तथा युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के उद्देश्य से 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत विजन' एवं नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सूरजपुर में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से लगभग 250 प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। युवाओं में सकारात्मक सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ, भाषण, चित्रकला तथा ऑनलाइन नारा लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों तथा इससे दूर रहने के महत्व को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता, जागरूकता एवं उत्साह विशेष रूप से देखने योग्य रहा। इन प्रतियोगिताओं में श्री शंभु प्रसाद निषाद, श्री रामचन्द्र सोनी तथा श्री राम कुशल तिवारी निर्णायक मंडल के सदस्य रहे तथा कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में योग को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन का प्रभावी माध्यम बताते हुए विशेषज्ञों द्वारा परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें युवाओं को तनावमुक्त जीवन, आत्मसंयम तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं और समाज में जनजागरूकता के माध्यम से इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जा सकता है।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती लता बेक, जिला मिशन समन्वयक श्री मनोज साहू, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री आलोक भवाल, उप संचालक श्री अजय सिंह, प्राचार्य श्री मनोज झा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लेने के साथ हुआ।

# गुरु व्यक्तित्व निर्माण के साथ समाज के उत्थान में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिकाः श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

## दस शिक्षकों दस आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महतारी वंदन योजना की 10 जागरूक माताओं का हुआ सम्मान

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित एक समारोह में कहा कि गुरु केवल विषयों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, संस्कार और जीवन मूल्यों का विकास भी करते हैं। गुरु व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह बात सूरजपुर जिले के चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा में आयोजित गुरु सम्मान समारोह एवं महिला जागृति शिविर को संबोधित करते हुए कही।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती राजवाड़े ने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का योगदान राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होता है।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि अनेक माताएं योजना से प्राप्त राशि का उपयोग अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा और भविष्य निर्माण में कर रही हैं। उन्होंने इसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत बताया।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पित प्रयासों से ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंच रहा है। कुपोषण नियंत्रण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा बाल विकास से जुड़े कार्यों में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में ओड़गी क्षेत्र के 10 उत्कृष्ट शिक्षकों को विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा देने और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा महतारी वंदन योजना की राशि का सदुपयोग अपने बच्चों की शिक्षा में करने वाली 10 माताओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शुभम बंसल ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान उनके उत्साहवर्धन के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुपोषित बच्चों को बाल संदर्भ सेवाओं से लाभान्वित कराने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन में कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधिगण व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्काउट-गाइड ने किया पौधा रोपण पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के महत्व की दी गई जानकारी



सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड सूरजपुर के स्थानीय संघ रामानुजनगर के स्काउट-गाइड विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पतरापाली विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनकी नियमित देखभाल करके ही स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधों को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया। स्काउट मास्टर योगेश साहू ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन-प्रशासन का ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है और छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़ा बदलाव संभव है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना रहा।

### दिल की धड़कनों का असामान्य होना: हार्ट रिद्म संबंधी समस्याओं को समय रहते पहचानें

**बिलासपुर-** दिल की धड़कनों की रिद्म संबंधी समस्याओं को अक्सर किसी गंभीर स्थिति से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन इसके शुरुआती संकेत कई बार बहुत हल्के भी हो सकते हैं। जैसे— दिल की धड़कन का अनियमित होना, सीने में कुछ क्षणों के लिए फड़फड़ाहट महसूस होना या अचानक कुछ समय के लिए धड़कन का तेज़ हो जाना। ये लक्षण अरिद्मिया (हार्ट रिद्म संबंधी समस्या) की ओर इशारा कर सकते हैं। यह ऐसी स्थिति है, जिसमें दिल बहुत तेज़, बहुत धीमी या अनियमित गति से धड़कता है। हालांकि हर अनियमित धड़कन खतरनाक नहीं होती, लेकिन यदि ऐसे लक्षण पहली बार दिखाई दें, लगातार बने रहें या इनके कारण कोई परेशानी महसूस हो, तो योग्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ से जल्द जांच करानी चाहिए। एबॉट के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, हांगकांग, ताइवान और कोरिया में कार्डियक रिद्म मैनेजमेंट व्यवसाय के जनरल मैनेजर अजय सिंह चौहान ने कहा, दिल की धड़कनों की रिद्म संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए सबसे ज़रूरी है कि उन्हें समय पर सही इलाज मिले, ताकि वे जल्द सामान्य जीवन में लौट सकें। एबॉट में हमारा प्रयास है कि मरीजों के इलाज की पूरी प्रक्रिया को आसान बनाया जाए। अपोलो हॉस्पिटल्स, बिलासपुर के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और डायरेक्टर डॉ. एमपी सामल, ने कहा, हर साल बड़ी संख्या में लोग दिल की धड़कनों की रिद्म संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए पेसमेकर लगवाते हैं। पारंपरिक पेसमेकर प्रभावी होते हैं, लेकिन लीडलेस पेसमेकर एक ऐसा विकल्प है, जिसे लगाने के लिए शरीर में कम हस्तक्षेप करना पड़ता है। इसमें छाती पर कोई निशान दिखाई नहीं देता और प्रक्रिया से जुड़े जोखिम भी कम होते हैं।


### जेएलआर इंडिया ने पहली तिमाही में दर्ज किया रीटेल सेल्स का रिकॉर्ड परफोर्मेन्स

**रायपुर।** जेएलआर इंडिया ने पहली तिमाही के लिए अब तक का सबसे अच्छा रीटेल सेल्स परफोर्मेन्स दर्ज किया है, कंपनी ने 11 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में 1665 युनिट्स बेची हैं। इसी तरह तिमाही में होलसेल बिक्री भी 4 फीसदी सालाना की दर से बढ़कर 1694 युनिट्स पर पहुंच गई है। वित्तीय वर्ष 2027 की पहली तिमाही में कुल रीटेल बिक्री में रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट और डिफेंडर मॉडल की हिस्सेदारी 85 फीसदी से अधिक रही, जो भारत के लग्ज़री एसयूवी सेगमेंट में इनकी मज़बूत स्थिति को दर्शाता है। डिफेंडर कंपनी का सबसे ज़्यादा बिकने वाला मॉडल भी बना रहा, इससे साफहै कि भारत में 'टफलक्ज़री' की मांग ज़बरदस्त बनी हुई है। तिमाही के दौरान जेएलआर इंडिया ने इंडिया-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफ्टीए) के तहत रेंज रोवर एसवी और रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी के लिए नई कीमतें लागू कीं, जिससे मॉडल के आधार पर रु 75 लाख तक का फ़ायदा मिल रहा है। इस घोषणा से ग्राहकों की दिलचस्पी बढ़ी है।

## संपादकीय

## बाघ संरक्षण में भारत सबसे आगे बाघों की सुरक्षा, पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण

भारत ने विज्ञान आधारित नीतियों और मजबूत संस्थागत सहयोग के माध्यम से बाघ संरक्षण के क्षेत्र में विश्व भर में सबसे आगे अपनी पहचान बनाई है। अब देश विश्व के लगभग 70त्न जंगली बाघों का घर है। तकनीक-आधारित निगरानी, प्रभावी शासन और सामुदायिक भागीदारी ने संरक्षण को और मजबूत किया है। भारत बाघों और उनके प्राकृतिक आवासों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक सहयोग को भी बढ़ावा दे रहा है। फलते-फूलते बाघ, मज़बूत पारिस्थितिकी तंत्र हर साल 29 जुलाई को मनाया जाने वाला 'अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस' बाघ संरक्षण के वैश्विक महत्व को उजागर करता है। भारत के लिए, यह विज्ञान-आधारित संरक्षण और सतत विकास के प्रति सरकार की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह दिन भारत की उल्लेखनीय संरक्षण उपलब्धियों को भी प्रदर्शित करता है। आज, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी जंगली बाघों की आबादी है, जो वैश्विक स्तर पर सभी जंगली बाघों का लगभग 70त्न है। यह सफलता दशकों के निरंतर नीतिगत समर्थन, वैज्ञानिक प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी को दर्शाती है, जिससे भारत बाघ संरक्षण में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित हुआ है। यह उपलब्धि बाघ के साथ भारत के गहरे सांस्कृतिक और पारिस्थितिक जुड़ाव पर आधारित है। सदियों से, पुराने सिक्कों, शाही मुहरों और मंदिरों की नक्काशी में बाघ को ताकत और प्रभुत्व के प्रतीक के रूप में दिखाया गया है। इस लंबे समय से चली आ रही विरासत को पहचानते हुए, सरकार ने 1972 में रॉयल बंगाल टाइगर को राष्ट्रीय पशु घोषित किया। आज भी, बाघ भारत की समृद्ध जैव-विविधता, पारिस्थितिक संपदा और विविध इलाकों में फैली साझा प्राकृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है।बाघ का सांस्कृतिक महत्व तो है ही, साथ ही यह पारिस्थितिकी तंत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शीर्ष शिकारी और 'अंब्रेला प्रजाति' (संरक्षण छत्र) होने के नाते, यह स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में सहायक होता है। बाघों के प्राकृतिक आवासों का संरक्षण वनों, नदियों और अनगिनत अन्य प्रजातियों की रक्षा करता है। ये वन जल नियंत्रण, मृदा संरक्षण करते हैं, परागण में सहयोग प्रदान करते हैं और स्थानीय जलवायु को संतुलित रखते हैं। ये आपदा जोखिम को भी कम करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं जो ग्रामीण आजीविका और शहरी अर्थव्यवस्थाओं को आधार देती हैं। बाघों और उनके आवासों की रक्षा करके, सरकार जैव विविधता संरक्षण को मजबूत कर रही है, पारिस्थितिक सुरक्षा को बढ़ा रही है और सतत विकास के माध्यम से 'विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। क्या आप जानते हैं? अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरुआत नवंबर 2010 में आयोजित 'सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट' से हुई थी। भारत सहित 13 बाघ-रेंज वाले देशों के नेताओं ने 2022 तक दुनिया भर में जंगली बाघों की आबादी को दोगुना करने का महत्वाकांक्षी 'टी×2' लक्ष्य अपनाया था। आज, यह संरक्षण की प्रगति की समीक्षा करने, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। 2010 में, विश्व स्तर पर केवल लगभग 3,200 जंगली बाघ होने का अनुमान था। 2022 तक, बेहतर संरक्षण और वैज्ञानिक निगरानी से यह अनुमान बढ़कर लगभग 4,500 हो गया, जिसमें 3,700 से 5,600 बाघों की संभावित सीमा शामिल है। हालिया वैश्विक अनुमानों के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 5,711 जंगली बाघ हैं, जो 2010 के बाद से लगभग 78त्न की वृद्धि को दर्शाता है।




बाघों की संख्या में वृद्धि: संकट से उबरने तक का सफर

भारत की बाघ संरक्षण की कोशिशें वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने के मामले में दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई हैं। 2006 के बाद से देश में वैज्ञानिक तरीके से गिनी गई बाघों की संख्या दोगुनी से भी ज़्यादा हो गई है। 'अखिल भारतीय बाघ अनुमान (2022)' के अनुसार, भारत में बाघों की संख्या 3,682 है। 2022 के इस अखिल भारतीय बाघ अनुमान में 20 राज्यों को शामिल किया गया और 6.41 लाख किलोमीटर से अधिक का क्षेत्र पैदल तय करके सर्वेक्षण किया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे व्यापक वन्यजीव सर्वेक्षण में से एक है। बाघों की संख्या में यह शानदार बढ़ोतरी लगातार मिल रहे नीतिगत समर्थन, विज्ञान-आधारित संरक्षण और मज़बूत संस्थागत कामकाज का नतीजा है। लंबे समय तक प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, कड़ी निगरानी और तालमेल के साथ काम करने से पूरे भारत में बाघ संरक्षण को और मज़बूती मिल रही है। भारत की बाघ संरक्षण नीति में लंबे समय की सोच और राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर लगातार संस्थागत सहयोग का मेल है। 'प्रोजेक्ट टाइगर', राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और बाघ संरक्षण योजनाएं मिलकर बाघों के प्राकृतिक आवास के लिए एक मज़बूत और विज्ञान आधारित प्रशासनिक ढांचा तैयार करते हैं। 'प्रोजेक्ट टाइगर' भारत सरकार की एक प्रमुख केंद्रीय प्रायोजित योजना है। इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लागू किया जाता है। इस योजना का मकसद बाघों की आबादी को उनके प्राकृतिक आवासों में सुरक्षित रखना है। यह संरक्षण के प्रयासों के लिए बाघ वाले राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता देता है। इस कार्यक्रम में आवास की सुरक्षा, वैज्ञानिक प्रबंधन और नियमित रूप से ज़मीनी स्तर पर निगरानी को शामिल किया गया है। इस तरीके ने समय के साथ संरक्षण के उपायों को मज़बूत किया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की रिपोर्ट (2023) के अनुसार, 'प्रोजेक्ट टाइगर' ने 18 बाघ-रेंज वाले राज्यों में 58 बाघ अभ्यारण्य का एक नेटवर्क स्थापित किया है। ये अभ्यारण्य लगभग 84,500 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं, जो भारत के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 2.56त्न है। आज, 'प्रोजेक्ट टाइगर' भारत के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों की एक आधारशिला बना हुआ है और यह बाघों तथा उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा के प्रति सरकार की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। क्या आप जानते हैं? वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, (डब्ल्यूपीए), 1972 की धारा 38 ङ्क (3) के तहत प्रत्येक राज्य सरकार के लिए प्रत्येक बाघ अभ्यारण्य के लिए एक 'बाघ संरक्षण योजना' तैयार करना अनिवार्य है। ऐसी योजनाओं को बाघ अभ्यारण्य की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और बाघों, उनके साथ शिकार करने वाले अन्य जानवरों तथा उनका शिकार बनने वाले जानवरों की आबादी को बनाए रखने के लिए उपयुक्त आवास सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) 'प्रोजेक्ट टाइगर' और उससे जुड़ी संरक्षण पहलों के कार्यान्वयन की निगरानी करता है। एनटीसीए बाघ-रेंज वाले राज्यों को वैज्ञानिक, तकनीकी और वित्तीय मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह 'बाघ संरक्षण योजनाओं' को मंजूरी देता है और अभ्यारण्य प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी करता है। यह प्राधिकरण आवधिक आकलनों के माध्यम से बाघ अभ्यारण्य के प्रबंधन की निगरानी भी करता है। इसका विज्ञान आधारित दृष्टिकोण आवास संरक्षण में सुधार करता है।

# गांधी के गुजरात से ग्लोबल गुजरात:लोथल की विरासत से GIFT City के भविष्य तक

रमेश जायभाये -उप निदेशक
पत्र सूचना कार्यालय

एक तरफ साबरमती के किनारे गांधी के विचारों की शांति, दूसरी तरफ GIFT City की गगनचुंबी इमारतों में गूंजती वैश्विक वित्त की हलचल; बीच में लोथल की 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत, अमूल की सहकारिता की ताकत, हाई-स्पीड रेल की तकनीकी रफ्तार और सैनंद में आकार लेता सेमीकंडक्टर युग—गुजरात की पांच दिवसीय यात्रा में छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने एक ऐसे भारत को करीब से देखा, जहां इतिहास केवल अतीत में नहीं, बल्कि भविष्य की नींव में भी जीवित है।किसी प्रदेश को समझने के लिए कभी-कभी उसके शहरों से ज्यादा उसके समय को देखना पड़ता है। गुजरात में यह समय एक साथ कई दिशाओं में चलता दिखाई देता है। लोथल में करीब 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री सभ्यता की स्मृतियां हैं, साबरमती में गांधी के विचारों की गूंज है, आनंद में सहकारिता आंदोलन की शक्ति है, सैनंद में सेमीकंडक्टर युग की दस्तक है और GIFT City में वैश्विक वित्त की महत्वाकांक्षा। इनके बीच सरदार पटेल की विराट प्रतिमा खड़ी है—एक ऐसे भारत की याद दिलाती हुई, जिसने एकता को अपनी ताकत बनाया और अब वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान गढ़ने की कोशिश कर रहा है।

यही गुजरात की सबसे दिलचस्प तस्वीर है—यहां इतिहास पीछे छूटता नहीं, बल्कि भविष्य की राह में साथ चलता है।

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित गुजरात अध्ययन दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने इन अलग-अलग पड़ावों को करीब से देखा और समझा। पांच दिनों के इस सफर में कभी महात्मा गांधी के जीवन और विचारों की स्मृतियों के बीच संवाद हुआ, कभी अमूल के माध्यम से गांव और किसान की आर्थिक शक्ति को समझने का अवसर मिला, तो कभी हाई-स्पीड रेल, सेमीकंडक्टर और अंतरराष्ट्रीय वित्त जैसे क्षेत्रों में भारत की बदलती आकांक्षाओं की झलक मिली। इस यात्रा की खासियत शायद यही थी कि हर पड़ाव अगले पड़ाव से जुड़ता चला गया। साबरमती ने विचार दिया, आनंद ने सहकारिता की ताकत दिखाई, लोथल ने विरासत की गहराई बताई, हाई-स्पीड रेल ने तकनीकी महत्वाकांक्षा दिखाई, सैनंद ने औद्योगिक भविष्य की दस्तक सुनाई और GIFT City ने वैश्विक भारत की आर्थिक तस्वीर सामने रखी। और फिर एकतानगर में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा के सामने खड़े होकर लगा कि इन सभी कहानियों के बीच एक अदृश्य सूत्र मौजूद है—एक ऐसा भारत, जो अपनी जड़ों को संभालते हुए दुनिया के सामने अपनी नई पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है।

साबरमती : जहां शोर के बीच भी सुनाई देती है एक आवाज

साबरमती आश्रम पहुंचते ही यात्रा जैसे कुछ पल के लिए ठहर गई। कैमरों और मोबाइल फोन की चहल-पहल के बीच भी एक अलग तरह की खामोशी महसूस होती थी। शायद इसलिए कि यह वह जगह थी, जहां कभी एक ऐसे व्यक्ति ने अपने प्रयोग किए थे, जिसकी आवाज बाद में पूरे देश की आवाज बन गई। कोचरब आश्रम में महात्मा गांधी के शुरुआती वर्षों की कहानी सुनते हुए यह अहसास हुआ कि इतिहास हमेशा बड़ी घटनाओं से नहीं बनता। कभी-कभी वह एक छोटे से आश्रम, कुछ लोगों के सामूहिक जीवन और एक विचार से शुरू होता है। और फिर वही यात्रा हमें उस गुजरात में ले आई, जहां आज करोड़ों रुपये की परियोजनाएं और वैश्विक वित्तीय संस्थान भविष्य की इबारत लिख रहे हैं।

एक ही धरती पर गांधी का चरखा भी था और हाई-स्पीड रेल की तकनीक भी।

शायद गुजरात को समझने की पहली कुंजी यहीं मिल गई थी।

आनंद : दूध की बूंदों में छिपी एक बड़ी कहानी

आनंद में अमूल की कहानी सुनते हुए पत्रकारों के बीच सवाल-जवाब का सिलसिला कुछ अलग ही था। यहां कोई बड़ी-बड़ी आर्थिक शब्दावली नहीं थी। बात थी दूध की, पशुपालक की, गांव की और उस भरोसे की, जिसने एक सहकारी आंदोलन को देश के सबसे पहचानने योग्य ब्रांडों में बदल दिया।

डॉ. प्रीति शुक्ला से संवाद के दौरान अमूल के विस्तार और नेटवर्क की जानकारी मिली तो एक बात साफ हुई—किसी ब्रांड की असली ताकत केवल उसके उत्पाद में नहीं होती। उसकी ताकत उस व्यवस्था में होती है, जो हजारों-लाखों लोगों को उससे जोड़ती है।



अमूल की कहानी सुनते हुए शायद कई पत्रकारों के मन में अपने-अपने गांव और वहां के दूध उत्पादक परिवारों की तस्वीर भी उभरी होगी।

गुजरात की इस यात्रा में यह महसूस हुआ कि विकास का अर्थ केवल बड़ी इमारतें नहीं हैं। कभी-कभी वह किसी किसान के घर की रसोई में भी दिखाई देता है।

लोथल : इतिहास की मिट्टी से उठती समुद्र की खुशबू

लोथल पहुंचने पर यात्रा जैसे अचानक बहुत पीछे चली गई।

सामने आधुनिक भारत था, लेकिन जमीन के भीतर और इतिहास की परतों में हजारों साल पुरानी दुनिया सांस ले रही थी। करीब 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत की कहानी सुनते हुए यह कल्पना करना रोमांचक था कि जिस भारत को आज हम बंदरगाहों, समुद्री व्यापार और ब्लू इकॉनमी की बात करते सुन रहे हैं, उसके समुद्री संबंध कितने पुराने हैं।

लोथल में विकसित हो रहा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर इसी समृद्ध विरासत को आधुनिक तरीके से सामने लाने का प्रयास है। यहां इतिहास केवल संग्रहालय की वस्तु बनकर नहीं रहता, बल्कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, शोध, पर्यटन और समुद्री चेतना का माध्यम बनने की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई देता है।

लोथल से लौटते हुए शायद सबसे स्वाभाविक सवाल यही था—

क्या हम सचमुच नए भारत का निर्माण कर रहे हैं, या इतिहास में कहीं बहुत पीछे छूटे अपने ही पुराने भारत को नए रूप में फिर से खोज रहे हैं?

जब गुजरात की सड़क पर भविष्य दौड़ता दिखाई दिया

हाई-स्पीड रेल परियोजना की चर्चा में आंकड़े थे, लेकिन उन आंकड़ों के पीछे एक रोमांच भी था।

सैकड़ों किलोमीटर लंबे वायाडक्ट, नदी पुल, पहाड़ों को काटती सुरंगें और भविष्य की रेल के लिए तैयार होता विशाल ढांचा—यह सब सुनते हुए मन में एक ही तस्वीर बनती थी।

एक दिन यही रास्ता खुलेगा और ट्रेन इतनी तेजी से गुजरेगी कि शायद आज की ये सुरंगें और पुल पीछे छूटते हुए सिर्फ कुछ सेकंड में दिखाई देंगे।

लेकिन उस गति के पीछे आज हजारों इंजीनियर, तकनीशियन और श्रमिक अपना समय और कौशल लगा रहे हैं।

वलसाड की सुरंग से लेकर पालघर के पर्वतीय क्षेत्रों तक निर्माण की प्रगति ने यह दिखाया कि भविष्य अचानक नहीं आता। उसे पहले जमीन के नीचे, फिर जमीन के ऊपर और अंतत: लोगों की जिंदगी में बनाया जाता है।

सैनंद : जब भारत चिप बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है

गुजरात की यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव सैनंद था, जहां से भारत के उभरते सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र की तस्वीर सामने आई।

सेमीकंडक्टर आज केवल एक औद्योगिक उत्पाद नहीं है। मोबाइल फोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा तकनीक और आधुनिक संचार व्यवस्था तक—लगभग हर महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्र इसकी उपलब्धता और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ा है।

सैनंद में विकसित हो रही सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमता ने यह संकेत दिया कि भारत अब केवल वैश्विक तकनीकी उत्पादों का बाजार बनने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि उनकी मूल तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में भी अपनी मजबूत जगह बनाना चाहता है।

यहां खड़े होकर गुजरात की यात्रा का एक और सूत्र समझ में आया—जिस प्रदेश ने कभी दूध की बूंदों को सहकारिता की ताकत में बदला, वही अब अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में अपनी नई पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है।

GIFT City : जहां बातचीत अचानक डॉलर में होने लगती है

और फिर आया GIFT City का पड़ाव।

यहां पहुंचते ही यात्रा की भाषा बदल गई।

अब बात दूध की नहीं, डॉलर की थी। अब चर्चा गांव की सहकारिता से निकलकर वैश्विक पूंजी, बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट, बीमा, पूंजी बाजार, ट्रेजरी, विमान एवं पोत लीजिंग, व्यापार वित्त और सतत वित्त तक पहुंच गई थी।

GIFT City के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविचल खेरा और महाप्रबंधक जया चतुर्वेदी से संवाद के दौरान GIFT City के विकास और भविष्य की संभावनाओं की तस्वीर सामने आई। भारत से जुड़े अंतरराष्ट्रीय वित्तीय कारोबार को भारत की जमीन पर वापस लाने की अवधारणा इस पूरे विकास की केंद्रीय सोच के रूप में सामने आई।

कभी भारतीय कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय गतिविधियों के लिए सिंगापुर, दुबई, मॉरीशस या अन्य केंद्रों की ओर देखना पड़ता था। अब भारत अपने भीतर ऐसा मंच तैयार कर रहा है, जहां वैश्विक वित्तीय गतिविधियों के लिए आवश्यक ढांचा उपलब्ध हो।

GIFT City में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित क्षेत्र में बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट, पूंजी बाजार, बीमा, ट्रेजरी, विमान एवं पोत लीजिंग तथा अन्य वित्तीय सेवाओं से जुड़ी गतिविधियां आकार ले रही हैं।

एक पत्रकार ने सवाल पूछा और चर्चा थोड़ी देर के लिए कराधान और रोजगार तक पहुंच गई।

तभी यह बात सामने आई कि किसी वित्तीय केंद्र का योगदान केवल उस कर से नहीं मापा जाता, जो वह आज जमा करता है। सवाल यह भी है कि वह कितनी आर्थिक गतिविधि देश में वापस लाता है, कितने रोजगार पैदा करता है और कितनी प्रतिभा को देश में रोकता है।

यहीं GIFT City एक इमारत से बढ़कर एक विचार बन जाती है।

IFSCA : वैश्विक वित्त को मिला एकीकृत नियामकीय आधार

GIFT City की इमारतों और वित्तीय गतिविधियों के पीछे एक महत्वपूर्ण संस्थागत व्यवस्था भी काम कर रही है—अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (International Financial Services Centres Authority—IFSCA)

IFSCA के कार्यकारी निदेशक (विकास) डॉ. दीपेश शाह के साथ संवाद ने इस व्यवस्था के महत्व को समझने का अवसर दिया।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र को वैश्विक पूंजी के 'इनबाउंड और आउटबाउंड गेटवे' के रूप में समझाया गया। अर्थात दुनिया से पूंजी भारत में आए और भारत से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय गतिविधियां वैश्विक बाजारों से जुड़ें—यह इसकी मूल अवधारणा है।

GIFT International Financial Services Centre में अधिसूचित विदेशी मुद्राओं में वित्तीय लेन-देन की सुविधा और एकीकृत नियामकीय व्यवस्था इसे घरेलू वित्तीय व्यवस्था से अलग विशिष्टता प्रदान करती है।

लेकिन इस संवाद में एक और महत्वपूर्ण पक्ष सामने आया—प्रतिभा का भारत में रहना।

भारत के युवा यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर के वित्तीय और तकनीकी अवसर देश में ही पा सकें, तो वैश्विक अनुभव और भारतीय प्रतिभा का लाभ देश के भीतर ही मिल सकता है। इस दृष्टि से GIFT International Financial Services Centre केवल वित्तीय केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य के रोजगार और कौशल का संभावित केंद्र भी है।

यात्रा के इस पड़ाव ने यह समझने में मदद की कि विकसित भारत का सपना केवल पूंजी जुटाने से पूरा नहीं होगा। इसके लिए पूंजी के साथ प्रतिभा, तकनीक और संस्थागत क्षमता भी देश में विकसित करनी होगी।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी : यात्रा का अंतिम दृश्य, लेकिन कहानी का नहीं

पांच दिनों की यात्रा के अंतिम हिस्से में एकतानगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचना कुछ अलग ही अनुभव था।

इस बार आसमान पर बादल थे और बारिश भी साथ चल रही थी। सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा के सामने खड़े होकर कैमरे क्लिक हो रहे थे, लोग तस्वीरें ले रहे थे, लेकिन कुछ क्षण ऐसे भी आए जब सब जैसे चुप हो गए।

शायद इसलिए कि पांच दिनों में देखी गई सारी तस्वीरें अचानक एक साथ सामने आ गई थीं।

गांधी का आश्रम।

अमूल का किसान।

लोथल का समुद्र।

बुलेट ट्रेन की सुरंग।

सैनंद का सेमीकंडक्टर।

GIFT City की चमक।

और सामने खड़े सरदार पटेल।

एक क्षण लगा कि यात्रा का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है—

भारत की कहानी केवल अतीत की कहानी नहीं है और केवल भविष्य की भी नहीं। यह उन दोनों के बीच पुल बनाने की कहानी है।

वापसी में साथ रह गई गुजरात की एक तस्वीर

जब वापसी का समय आया, तो गुजरात शायद पहले से थोड़ा अलग दिखाई दे रहा था।

अब सड़क के किनारे गुजरते खेत केवल खेत नहीं थे। उनमें अमूल की कहानी दिखाई देती थी।

दूर जाती ट्रेन केवल ट्रेन नहीं थी। उसमें हाई-स्पीड रेल का भविष्य दिखाई देता था।

शहर की चमकती इमारतें केवल इमारतें नहीं थीं। उनमें तङ्कस्त्रञ्ज ष्द्बह्ल4 की वैश्विक महत्वाकांक्षा दिखाई देती थी।

और किसी पुराने स्मारक की दीवार केवल इतिहास नहीं थी। उसमें लोथल और साबरमती की स्मृतियां सांस ले रही थीं।

पांच दिन गुजर चुके थे।

बारिश भी थम गई थी।

लेकिन शायद यात्रा की सबसे अच्छी बात यही थी कि मन के भीतर कुछ सवाल अब भी बरस रहे थे। क्या भारत अपनी प्राचीन समुद्री शक्ति को आधुनिक समुद्री अर्थव्यवस्था में बदल पाएगा? क्या गांव की सहकारिता से लेकर वैश्विक वित्त तक विकास की यह यात्रा देश के हर हिस्से तक पहुंचेगी?

क्या GIFT City भारत को वैश्विक वित्तीय मानचित्र पर वह स्थान दिला पाएगी, जिसकी कल्पना की जा रही है? और क्या आने वाला भारत अपनी विरासत को बचाते हुए उतनी ही तेजी से आगे बढ़ पाएगा, जितनी तेजी से उसकी हाई-स्पीड ट्रेन दौड़ने वाली है? शायद इन सवालों के जवाब अभी भविष्य के पास हैं।

लेकिन गुजरात की इस यात्रा ने एक बात जरूर दिखा दी—

भविष्य कहीं दूर खड़ा हमारा इंतजार नहीं कर रहा। वह गुजरात की सड़कों पर निर्माणाधीन है, खेतों में पनप रहा है, प्रयोगशालाओं में आकार ले रहा है, सुरंगों में रास्ता बना रहा है और GIFT City की ऊंची इमारतों में अपनी पहली मंजिलें तलाश रहा है। और इसी वजह से यह पांच दिन की यात्रा खत्म होकर भी खत्म नहीं हुई। क्योंकि गुजरात से लौटते समय साथ केवल यादें नहीं आतीं—कुछ सवाल भी लौटते हैं। और वही सवाल किसी यात्रा को एक कहानी बना देते हैं।

## छात्रों और युवाओं को भरोसा बना

एस. सुनील

प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा और परीक्षा की प्रक्रिया में सुधार की जो पहल की है उस पर छात्रों की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया के बाहर सार्वजनिक रूप से भी दिखने लगी है। उन्होंने जो नियम बनाने और विधायी कदम उठाने की पहल की है और युवाओं से सीधी अपील की है उसका असर यह हुआ है कि आंदोलन की नैतिक ताकत बने सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी और इसके साथ ही आंदोलन की तीव्रता काफी कम हो गई। इसकी व्यापकता भी धीरे धीरे कम हो रही है। पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन की जिन तस्वीरों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि देश का युवा खास कर 'जेन जी' केंद्र की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हो गया है वह देश की प्रतिनिधि तस्वीर नहीं है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि उन तस्वीरों से देश की वास्तविकता नहीं जाहिर हो रही है। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पेपर लीक की घटना, जैसा कि प्रधानमंत्री ने स्वंय कहा, 'जघन्य पाप' है। लेकिन आगे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और इसमें शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पर भी किसी को संदेह नहीं है। देश का युवा वर्ग और छात्रों का भी प्रधानमंत्री के साथ ऐसा सीधा जुड़ाव या संवाद है कि वे इस मामले में प्रधानमंत्री की गंभीरता को समझ रहे हैं। तभी गुरुवार, 23 जुलाई की रात को प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सीधे युवाओं को 'फ्रेंड्स' कह कर संबोधित किया। अपने मोबाइल से वीडियो बना कर उन्होंने पोस्ट किया और अगले दिन यानी शुक्रवार की रात को बताया कि उस पर कितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। गुरुवार रात के प्रधानमंत्री के इंस्टाग्राम वीडियो ने रिकॉर्ड बनाया। करीब 35 करोड़ लोगों ने उसे देखा और पेपर लीक से लेकर परीक्षा में सुधार के अनेक सकारात्मक सुझाव दिए, जिनका जिक्र प्रधानमंत्री ने अपने अगले वीडियो में किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा और परीक्षा की प्रक्रिया में सुधार की जो पहल की है उस पर छात्रों की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया के बाहर सार्वजनिक रूप से भी दिखने लगी है। उन्होंने जो नियम बनाने और विधायी कदम उठाने की पहल की है और युवाओं से सीधी अपील की है उसका असर यह हुआ है कि आंदोलन की नैतिक ताकत बने सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी और इसके साथ ही आंदोलन की तीव्रता काफी कम हो गई। इसकी व्यापकता भी धीरे धीरे कम हो रही है। इसका कारण यह है कि देश के युवाओं को अपने प्रधानमंत्री और उनके संकल्पों पर भरोसा है। उनको विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। इसके रास्ते में जो भी बाधाएं आएंगी उनको दूर किया जाएगा। बहरहाल, पेपर लीक को लेकर भी प्रधानमंत्री की पहल पर एक साथ कई काम शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को कैबिनेट की विशेष बैठक संसद भवन के अंदर हुई, जिसमें द पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रीवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अब सरकार पेपर लीक और परीक्षा में अक्सर होने वाली दूसरी गड़बड़ियों को रोकने के लिए ज्यादा सख्त कानून बनाने जा रही है। इसे मानसून सत्र के दूसरे हफ्ते के शुरू में ही पेश किया जा सकता है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि इस पर जल्दी से जल्दी चर्चा करा कर कानून बनाया जाए। इसमें पेपर लीक के दोषियों के लिए 10 साल की सजा और 10 करोड़ रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही यह भी प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक की घटना की जांच दो महीने में होगी और तीन महीने के अंदर अदालत में ट्रायल पूरा करके फैसला सुनाया जाएगा। इस संशोधन बिल को मंजूरी देने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने पेपर लीक से जुड़ी घटनाओं की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का आदेश दे दिया था। इस बिल में इस पूरी प्रक्रिया को वैधानिक स्वरूप देने का प्रावधान भी किया गया है।

## गुरू उपकार कभी भुलाया नहीं जा सकता : मुनिश्री विशद सागर जी

■ नगर प्रवेश पर प्रभावना पूर्ण हुई अगुवाई, चातुर्मास हेतु अर्पित किया श्रीफल



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशद सागर महाराज एवं मुनि शिवसागर महाराज ससंघ का आज ललितपुर नगर में पदार्पण पर श्रद्धालुओं ने प्रभावना पूर्ण अगुवाई की। नगर में मुनि संघ के आगमन पर श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा निकली जिसमें स्वयंसेवक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे महिलाए मंगल कलश लेकर आगे आगे चल रही थी।

आज प्रात:काल मुनि संघ का पदविहार के0पी0एस डिग्रीकालेज ककरूआ में रात्रिविश्राम के उपरान्त ललितपुर की ओर शुरू हुआ जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने मुनिश्री को श्रीफ्ल अर्पित कर पदविहार कराया। नगर सीमा रेल्वे स्टेशन कासिंग से श्रावक जयजयकार करते हुए मुनि संघ के आगे आगे चल रहे थे। विद्यासागर व्यायामशाला एवं संत सुधासागर जिम्नेजियम वीर व्यायामशाला के स्वयंसेवक पदविहार में जहां शोभायात्रा को अनुशासित करते रहे थे वहीं आचार्य निर्भय सागर वालक मण्डल के स्वयंसेवक दिव्यघोष द्वारा धर्म प्रभावना में आगे आगे थे। शोभायात्रा स्टेशन से अभिनंदनोदय तीर्थ पहुंची जहां श्रावकों ने मुनि श्री का पादप्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। तुवन चौराहा घंटाघर चौक से मुनि संघ का पदार्पण जैन अटामंदिर की ओर जैसे हुआ श्रवकों का उत्साह अपने आप में अनूठा रहा। जैन अटामंदिर पर जयजयकारों की वीच मुनि संघ का पदार्पण हुआ।

जैन अटामंदिर में धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रेष्ठीजनों द्वारा किया गया जवकि महिला मण्डलों द्वारा शास्त्र भेंट हुआ। जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने मुनिसंघ को ललितपुर में चातुर्मास के लिए श्रीफ्ल अर्पित कर आर्शीवाद ग्रहण किया। जवकि मंगलाचरण ज्योति औलिया एवं कल्पना चौधरी द्वारा किया गया। आचार्य श्री की संगीतमय पूजन भक्तिपूर्वक साधू वैयावृत्ति महिला मण्डल के संयोजन में हुई जिसमें ब्रहमचारिणी वहिनों के साथ नंदा सुनंदा महिला मण्डल, सुधा कलश मण्डल, ब्राह्मी सुन्दरी मण्डल, एकता संघ महिला मण्डल, विद्यापूजन मण्डल, नीली श्राविका महिला मण्डल, महिला आदर्श रांगाग ने अर्घ समर्पित किए।

धर्मसभा को मुनि विशदसागर महाराज ने सम्बोधित करते हुए कहा धर्म के संस्कार हमें गुरू के माध्यम से ही मिलते हैं जो जीवन का उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज द्वारा जीवन में मिले संस्कारों को अतुलनीय बताते हुए उन्होने कहा आज जो कुछ भी मैं हूँ वह उन्हीं के आर्शीवाद का फ्ल है। उन्होने निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज को अग्रज गुरू भाई बताते हुए कहा उन्होने धर्म संस्कृति और तीर्थों के लिए जो किया है उसको युगों-युगो तक भुलाया नहीं जा सकता। ललितपुर के श्रावक धर्म के मार्ग में सदैव आगे रहे हैं। उन्होने चातुर्मास को श्रावक और साधुओं दोनो के लिए उपयोगी बताते हुए अनुशासित और मर्यादित रहने के लिए सीख दी। इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष डॉ. अक्षय टडैया ने समाज में अमर्यादित टिप्पणी पर गम्भीर रूख अपनाते हुए और शोशल मीडिया एवं आपस में अप्रभावना पूर्ण संदेशों से बचने को कहा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, मंदिर प्रबंधक अजय जैन गंगचारी, मनोजजैन बबीना, महेन्द्र जैन मयूर, अखिलेश जैन गदयाना, सीए संजीव जैन, सनत जैन खजुरिया, सीए सौरभ जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, अशोक जैन दैलवारा, आनंद जैन भागनगर, धन्यकुमार जैन, प्रफुल्ल जैन, सजल जैन जोली, अमित जैन सराफ विमल जैन पीहर साडी, संजीव जैन लकी, महेन्द्र सराफवैद्य, प्रवीण गुरूवर शशांक जैन एड, अंशुल जैन पहलवान, पत्रकार अनंत सराफ मनोज जैन, शैलेश जैन के अतिरिक्त अनीता मोदी, वीणा जेन, उमा सैदपुर, अंजली सराफ अर्चना जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए आदर्श रहे बाबूजी की प्रेस क्लब में हुई विन्यांजलि

■ चिन्तन पार्क में बाबू ज्ञानचंद जैन अलया की मूर्ति किया माल्यार्पण



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी बाबू ज्ञानचंद अलया की पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब के तत्वावधान में गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में वक्ताओं ने उन्हें सच्चा समाजसेवी व कलम का सिपाही बताते हुए पत्रकारिता के लिए आदर्श बताया। उन्होने अपने विचारों में शेरशायरियों के माध्यम से वर्तमान परिवेश की दशा पर चित्रण किया। उनके जीवन में किसी का बुरा करना उनके कभी भी मानस पटल पर अंकित नहीं हुआ उनका वात्सल्य व सदभावना का समावेश उनके जीवन चर्चा की पूँजी रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलापंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन के मुख्यआतिथ्य एवं प्रेस क्लव अध्यक्ष राजीव बबैले सप्पू की अध्यक्षता में हुआ जिसमें उन्होने उन्होने बाबू जी को अच्छा साहित्यकार और हर संघर्ष में सहजता से कार्य करने की क्षमता का धनी बताया। शहर में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति इस बात का प्रतीक रहती थी कि उम्र के अन्तिम पड़ाव में भी अपने जनपद के लिए कुछ करने की इच्छा शक्ति रखते थे उनके सुझाव सहयोग जीवन को सार्थक बनाने का अनेके विधाओं के लोगों को मूलमंत्र सावित हुए। विन्यांजलि सभा में प्रेस क्लव संरक्षक संरक्षक संतोष शर्मा, सरदार मंजीतसिंह, पवन संज्ञा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद आलोक जैन मयूर, जगदीश यादव, अशोक पंथ, जैन पंचायत अध्यक्ष डा. अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, विजय जैन कल्लू विनीत चतुर्वेदी, मनोज जैन ललितपुर लाईव, अजय जैन साइकिल, अजय बरया, अजित भारती, अनिलजैन डोगरा,पवन जैन शिवाजी, ब्रजेन्द्र तिवारी, महेश शर्मा, अरविन्द जैन कुम्हैण्डी, अरूण बबेले,सनत जैन खजुरिया, केशव प्रसाद पाण्डे, मो0 हबीब ठेकेदार, सुनील जैन, ने बाबूजी को समाजसेवा का आदर्श बताते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को सराहा और प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अक्षयअलया द्वारा किया।

## गुरु वंदना महोत्सव में गुरु के प्रति दिखा श्रद्धा भक्ति आस्था का अदभुत नजारा

■ गुरु वंदना में भाव विभोर हुई प्रतिभा मंडल की बहने



**भोपाल (विश्व परिवार)।** आचार्य विद्या सागर महाराज की प्रेरणा से डॉक्टर इंजीनियर बन विदेश के बड़े पैकेज को छोड़कर दे रही संस्कृति संस्कारों की रक्षा की सीख गुरु वंदना में भाव विभोर हुई प्रतिभा मंडल की बहने भोपाल गुरु वंदना महोत्सव में गुरु के प्रति श्रद्धा भक्ति आस्था का अदभुत नजारा दिखा जब आचार्य विद्या सागर महाराज के गुणों की वंदना में प्रतिभा स्थली की बहने भाव विभोर हुई, अध्यात्म सरोवर के राजहंस आचार्य विद्या सागर की पूजा में श्रद्धा भक्ति के समर्पण भाव से गुरु वंदना में निकले शब्दों ने, सभी को भाव विभोर कर दिया, प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया आचार्य श्री की प्रेरणा से संस्कृति संस्कारों की पाठशाला प्रतिभा स्थली की उच्च शिक्षित ब्रह्मचारी बहने साथ में बालिकाओं ने सुसज्जित अष्ट द्रव्य से आराधना की, प्रतिभा स्थली की बालिकाओं ने आचार्य श्री के उद्देश ओर संस्मरण के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय संस्कृति संस्कारों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया दिंगबर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी निर्माण कमेटी के राकेश जैन ओ एस डी सभी सदस्यों ने शास्त्र भेट किए, आचार्य विद्या सागर महाराज की प्रेरणा से 2006 में प्रतिभा स्थली की शुरुआत हुई जो जबलपुर रामटेक इंदौर डोंगडगढ़ ललितुर में चल रही है।

## गुरु पूर्णिमा व मुनि ओंकार सागर जी का दीक्षा दिवस राघौगढ़ में गुरु उपकार दिवस के रूप में मनाया

■ हम गुरु आज्ञा का पालन कर गुरु के उपकार को उतार सकते हैं



**राघौगढ़ (विश्व परिवार)।** आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के दीक्षित शिष्य मुनि ओंकार सागर जी महाराज का 12वां दीक्षा दिवस गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस जैन समाज राघौगढ़ ने गुरु उपकार दिवस के रूप में मनाया।

विद्यासागर भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि ओंकार सागर जी महाराज ने कहा हमारे दीक्षा गुरु आचार्य विद्या सागर जी महाराज का हम पर महान उपकार है उन्होंने हमें मिथ्यात्व से निकालकर मुनि दीक्षा देकर हमारा मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया है। आपने कहा गुरु तीन प्रकार के होते हैं पहले पत्थर के समान, दूसरे माटी के दीपक के समान, तीसरी रत्न के दीप के समान रत्न के दीप के समान जो गुरु होते हैं वह सच्चे गुरु होते हैं। वे स्वयं तो प्रकाशमान होते हैं और अपने शिष्यों को भी ज्ञान देकर प्रकाशित करते हैं। हम गुरु के गुणों को लिखनी में नहीं लिख सकते उनके गुण अपार होते हैं। हम गुरु आज्ञा का कदम कदम पर पालन कर गुरु उपकार को चुकाते हैं।

विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहां आज गुरु पूर्णिमा के पावन दिन हमारे लघु भ्राता मुनि ओंकार सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज की दृष्टि पैनी रहती थी उन्होंने अतिशय क्षेत्र बीना बारहा में इन्हें एवं उनके मामा जी को दीक्षा दी उनका नामकरण हुआ संस्कार सागर जी। आपने गुरु पूर्णिमा के पावन दिवस की व्याख्या करते हुए कहा जन्म के समय मां ही पूर्ण गुरु होती है। बाद में गुरु ही पूर्ण मां होते हैं इसीलिए इस दिवस को गुरु पूर्णिमा कहते हैं

राघौगढ़ में मुनि ओंकार सागर जी का दीक्षा दिवस प्रात: 5:30 बजे उनकी आरती भक्ति कर मनाया। तत्पश्चात विशाल धर्म सभा में गुरुवर विद्यासागर जी महाराज की सामूहिक पूजन की गई। तत्पश्चात मुनि श्री का पद प्रक्षालन श्रेष्टि मनोज कुमार जितेंद्र कुमार परिवार एवं श्रेष्टि रमेश चंद नीरज कुमार भरसूलि वाले परिवार द्वारा किया गया। मुनि श्री को जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य बासौदा नगर से आए गुरु भक्त परिवार द्वारा एवं राघौगढ़ निवासी जिनेश कुमार मुकेश कुमार जैन जनता परिवार को मिला।

## अंचल में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाया गया

■ गुरुजनों का हुआ सम्मान, बच्चों ने भेंट किए श्रीफल और पेन



**आरंग (विश्व परिवार)।** ज्ञान, सम्मान और कृतज्ञता के प्रतीक गुरु पूर्णिमा पर्व अंचल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को स्कूलों, आश्रमों और मंदिरों में गुरु-शिष्य परंपरा को नमन करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।शासकीय एवं निजी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों का तिलक लगाकर श्रीफ्ल, पेन, पुष्प और उपहार देकर सम्मानित किया। कई विद्यालयों में गुरु वंदना, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों को जीवन में अनुशासन, संस्कार, सत्य और मेहनत का महत्व समझाया।कार्यक्रमों में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। बच्चों ने गुरु महिमा पर श्लोक, दोहे और चौपाइयां सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों ने गुरु पूर्णिमा को श्रद्धा से मनाया। सभी शिक्षकों पर बच्चों ने पुष्पवर्षा की और श्रीफ्ल व पेन भेंट किए। साथ ही गुरु महिमा पर आधारित श्लोक, दोहे, चौपाई और भाषण प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने भी बच्चों को अच्छे संस्कार अपनाने और गुरुजनों का सदैव सम्मान करने की प्रेरणा दी। पूरे दिन 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वर:' के श्लोक गूंजते रहे।

## लायंस इंटरनेशनल के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट ए. पी. सिंह ने आचार्य श्री विनम्रसागर जी गुरुदेव के किए दर्शन

■ सेवा और संस्कार पर हुआ प्रेरक संवाद



**छत्रपति संभाजीनगर (विश्व परिवार)।** विनम्र चातुर्मास-2026 के पावन अवसर पर छत्रपति संभाजीनगर में सेवा, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट श्री ए. पी. सिंह ने परम पूज्य उच्चारणाचार्य आचार्य श्री 108 विनम्रसागर जी गुरुदेव ससंघ के पावन दर्शन कर उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस गरिमामय अवसर पर लायंस इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक श्री जी. एस. होरा, डॉ. नवल मालू, पास्ट मल्टिपल काउंसिल चेयरमैन श्री सुनील दीसरड़ा, श्री राजेश भारुका, श्री विशाल लदनिया, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्री महावीर पाटनी, श्री अभिजीत कासलीवाल सहित लायंस परिवार के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। भेंट के दौरान आचार्य श्री विनम्रसागर जी गुरुदेव एवं श्री ए. पी. सिंह के मध्य मानव सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, धर्म, संस्कार, नैतिक मूल्य तथा विश्वकल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अत्यंत आत्मीय, सार्थक एवं प्रेरणादायी संवाद हुआ। दोनों महान व्यक्तित्वों ने इस बात पर विशेष बल दिया कि सेवा और संस्कार मिलकर ही मानव जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करते हैं। संवाद के दौरान यह विचार प्रमुखता से उभरकर सामने आया कि लायंस इंटरनेशनल विश्वभर में जरूरतमंद, वंचित एवं पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, वहीं जैन साधु-संत धर्म, आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के माध्यम से समाज में चरित्र निर्माण और आत्मिक जागृति का महान कार्य कर रहे हैं। दोनों ही मार्गों का अंतिम उद्देश्य मानवता का कल्याण तथा एक श्रेष्ठ समाज की स्थापना है।

## विशुद्ध गुरू के अनमोल रत्न, मेरे प्रिय गुरुवर मुनि श्री सिद्धसागर जी महाराज

**कोल्हापूर (महाराष्ट्र) (विश्व परिवार)।** गुरु के सम्मान में हर साल आषाढ़ पूर्णिमा पर गुरु पर्व मनाया जाता है, इसे गुरु पूर्णिमा कहते हैं। ये गुरु के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन होता है,क्योंकि गुरु ही शिष्य को मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं।

जिसके जीवन में गुरु नहीं ,उसका जीवन शुरू नहीं। गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं होते, वे जीवन को सही दिशा देने वाले प्रकाश-स्तंभ होते हैं।

विशुद्ध गुरू के अनमोल रत्न मेरे प्रिय गुरुवर मुनि श्री सिद्धसागर जी महाराज के चरणो में अपना शीश झुकाता हूँ। गुरु पूर्णिमा के दिन सिद्धबाबा दिल से, बारंबार नमोस्तु करता हूँ।आपके चरणों की रज को, अपने मस्तक पर धरता हूँ।



आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के दर्शन करने नांदणी चातुर्मास 2024 में नांदणी जाता था तब सिद्धसागर महाराज जी के अत्यंत निकट से दर्शन करने का सौभाग्य मुझे मिला।

एक बार में सिद्ध बाबा के साथ पंढरपूर में विहार कर रहा था। तब उनके दर्शन की जो छवि मेरे मन में बसी है, वह अविस्मरणीय है। सुबह के समय पूरे संघ का गुरुभक्ति का वह दृश्य, जैसे साक्षात् कोई समवसरण लगा हो।

## शाश्वत तीर्थ अयोध्या बडी मूर्तिजैन मन्दिर में सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी ससंघ ने किया वर्षायोग स्थापना

**अयोध्या (विश्व परिवार)।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर रायगंज में जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ ने वर्षायोग स्थापित किया। संघ में 16 साध्वी माताजी एवं संघस्थ ब्रह्मचारिणी बहनें रहती हैं।



अयोध्या तीर्थ क्षेत्र समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने बताया जैन शास्त्रों के अनुसार वर्षाकाल में संतों को चार महीने तक आषाढ़ शुक्ला चतुर्दशी की रात्रि से कार्तिक कृष्णा अमावस्या तक चार महीने एक ही स्थान पर रह करके अपनी चर्या का पालन करना रहता है।

गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने 28 जुलाई को मध्याह्न में प्रवचन करते हुए कहा कि अब सन् 2026 का चातुर्मास काल शाश्वत तीर्थ अयोध्या के तीर्थंकर भगवंतों की जन्मभूमि पर मेरा सम्पन्न होगा। इस संदर्भ में कमेटी की अध्यक्ष पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी, संघपति श्री अनिल जैन प्रीतविहार दिल्ली, श्री कैलाशचंद सर्राफआदीश जैन, श्री सुभाषचंद जैन लखनऊ, महामंत्री श्री अमरचंद जैन, कोषाध्यक्ष श्री रिषभ जैन एवं जितेन्द्र जैन (लल्ला) तहसील फ्तेहपुर, मंत्री श्री विजय कुमार जैन, डॉ. जीवन प्रकाश जैन, अतुल जैन प्रमेन्द्र जैन, निधेश जैन टिकैतनगर आदि अवध प्रांत के भक्तों ने पूज्य माताजी से श्रीफ्ल समर्पित करके विनय पूर्वक चातुर्मास स्थापना के लिए अनुरोध किया।

सभा की अध्यक्षता श्री प्रमोद कुमार जैन संभाजीनगर महाराष्ट्र ने की एवं सम्पूर्ण चातुर्मास की व्यवस्थाएँ संघपति श्री अनिल कुमार के द्वारा संचालित रहेंगी। इस अवसर पर पूज्य ज्ञानमती माताजी को संयम का उपकरण पिच्छी प्रदान करने का सौभाग्य श्रीमती सरला महावीर प्रसाद दर्शना रविप्रकाश पारस मानसी रिषभ जैन सिद्धि जैन-निजामाबाद (तेलंगाना) प्रदान किया एवं पूज्य माताजी के चरण प्रक्षाल करने का सौभाग्य सौ. सपना जितेन्द्र जैन लुहाडिया एवं सौ. माधुरी विजय पापड़ीवाल ने किया।

## 'गुरु ज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने वाले सूर्य हैं, जिसका कोई गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं' : निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर जी महाराज

■ गुरु पूर्णिमा पर कुण्डलपुर में गुरु महिमा का भावपूर्ण गुणगान, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण




**कुण्डलपुर (विश्व परिवार)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्व वंदनीय संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य आध्यात्म विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती कुण्डलपुर में विराजमान निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 समतासागर महाराज ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ज्ञान के अथाह सागर को जन-जन के लिए सरल, सुपेय और जीवनोपयोगी बनाते हैं। जैसे सूर्य समुद्र के जल को वाष्प बनाकर बादलों के माध्यम से समस्त सृष्टि के लिए जीवनदायी वर्षा का कारण बनता है, उसी प्रकार सद्गुरु ज्ञान को आत्मसात कर लोककल्याण के लिए सहज और व्यवहारिक रूप में समाज तक पहुँचाते हैं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन एवं प्रचारमंत्री जयकुमार जलज ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु केवल मार्गदर्शक नहीं, बल्कि अज्ञान का अंधकार दूर कर आत्मज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले होते हैं।

अपने उद्बोधन में मुनिश्री ने सम्राट सिकंदर और दिगंबर आचार्य के ऐतिहासिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जिसने अपने मन, इंद्रियों और इच्छाओं पर विजय प्राप्त कर ली, वही वास्तविक विजेता है। भारतीय गुरु परंपरा आत्मविजय और आत्मानुशासन का संदेश देती है, इसलिए यहाँ गुरु का स्थान सर्वोपरि माना गया है।

## पर्यावरण सरंक्षण-आपदा प्रबन्धन अभियान पर संगोष्ठी का आयोजन

■ छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय मुख्यालय में हुआ कार्यक्रम




**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की भगिनी संस्थान राजयोगा एजुकेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन के वैज्ञानिक, अभियन्ता एवं आर्किटेक्ट प्रभाग (SEA Wing) द्वारा आयोजित पर्यावरण सरंक्षण व आपदा प्रबन्धन राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत नवा रायपुर के छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय मुख्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था- कार्य और व्यक्तिगत जीवन में सन्तुलन (Work- Life Balance)।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता माउण्ट आबू से आए ब्रह्माकुमार ओंकार भाई ने कहा कि बैंक को केवल कार्यस्थल नहीं बल्कि एक परिवार की तरह समझें। यदि हम अपने सहकर्मियों और ग्राहकों के प्रति सेवा, सहयोग और अपनत्व की भावना रखेंगे तो ही कार्यस्थल का वातावरण अधिक सौहार्दपूर्ण, प्रेरणादायी और तनावमुक्त बनेगा।

उन्होंने कहा कि हालात नहीं बल्कि अपने ख्यालात को बदलिए। व्यक्तिगत जीवन और कार्यस्थल में वास्तविक परिवर्तन परिस्थितियाँ बदलने से नहीं बल्कि अपने दृष्टिकोण (Attitude) को सकारात्मक बनाने से आता है। जब हम अपनी सोच और नज़रिए को बदलते हैं तो वही परिस्थितियाँ हमें अवसर के रूप में दिखाई देने लगती हैं। उन्होंने बतलाया कि स्व प्रबन्धन ही तनाव प्रबन्धन की असली कुंजी है। यदि तनाव से बचना चाहते हैं तो स्वयं के विचारों, भावनाओं और समय का सही प्रबंधन करते हुए नियमित राजयोग मेडिटेशन द्वारा स्वयं को रिचार्ज करना आवश्यक है। जब हमारा मन शांत और स्थिर होता है तब हममें श्रेष्ठ निर्णय लेने की शक्ति आती है।

# थर्मल ड्रोन से लैस हुआ बस्तर वन मंडल : अब रात में भी होगी जंगलों की निगरानी

## वन्यजीवों की सुरक्षा, अवैध कटाई और शिकार पर लगेगी लगाम, जल्द बस्तर को मिलेगा अपना थर्मल ड्रोन



**जगदलपुर-** बस्तर के घने जंगलों की सुरक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए बस्तर वन मंडल अब आधुनिक तकनीक का सहारा ले रहा है। वन विभाग द्वारा कांकेर वन मंडल के सहयोग से थर्मल इमेजिंग ड्रोन कैमरे के माध्यम से जंगलों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रूप से रात्रिकालीन निगरानी की जा रही है। इस तकनीक से वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी और शिकार जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिल रही है।थर्मल इमेजिंग तकनीक शरीर की ऊष्मा हीट सिग्नेचर को पहचानने में सक्षम है। इसके माध्यम से घने जंगलों और रात के अंधेरे में भी वन्यजीवों एवं मानव गतिविधियों का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इससे वन विभाग को भालू, तेंदुआ, हाथी सहित अन्य वन्यजीवों की गतिविधियों की सटीक जानकारी मिल रही है।वन विभाग इस तकनीक का उपयोग मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में भी कर रहा है। वन क्षेत्र से लगे ग्रामीण इलाकों में यदि हाथियों अथवा अन्य जंगली जानवरों की गतिविधि की सूचना मिलती है, तो थर्मल ड्रोन के जरिए तत्काल निगरानी कर उनकी लोकेशन का पता लगाया जाता है। इसके आधार पर ग्रामीणों को समय रहते सतर्क किया जाता है, जिससे जन-धन की हानि की संभावना कम होती है। इसके अलावा जंगलों में अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी और वन्यजीवों के शिकार जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर भी थर्मल ड्रोन प्रभावी साबित हो रहा है। रात के समय भी संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर ड्रोन से प्राप्त फुटेज के आधार पर वन विभाग की क्विक रिस्पांस टीम (त्त्क्र्ञ्ञ) तत्काल कार्रवाई कर रही है।डीएफओ बस्तर उत्तम गुप्ता ने कहा कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में थर्मल ड्रोन बस्तर वन मंडल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रहा है। फिलहाल कांकेर वन मंडल के सहयोग से ड्रोन उपलब्ध कराकर निगरानी की जा रही है तथा जल्द ही बस्तर वन मंडल को भी अपना थर्मल ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से रात्रिकालीन गश्त अधिक प्रभावी हुई है और वनकर्मियों की सुरक्षा भी बेहतर हुई है। बस्तर की समृद्ध जैविक विविधता के संरक्षण के लिए वन विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# सुरक्षा बलों ने नक्सली डंप संगठन हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की बरामद




**कांकेर।** कांकेर 28 जुलाई कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गट्टाकाल और दरवीकोड़ो के बीच जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने संयुक्त सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों के डंप का पर्दाफाश करते हुए हथियार, गोला-बारूद, बीजीएल सेल, डेटोनेटर तथा अन्य नक्सली सामग्री बरामद की है। कार्रवाई डीआरजी, बीएसएफ एवं बीडीएस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिले के संवेदनशील एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 27 जुलाई को सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई सामग्री बरामद हुई।बरामद सामग्री में एक यूबीजीएल, एक देसी कट्टा, यूबीजीएल सेल, एके-47 एवं एसएलआर के राउंड, .303 राइफल के कारतूस, 8 एमएम तथा 9 एमएम पिस्टल के राउंड, एके-47 और एसएलआर की मैगजीन, 10 बीजीएल सेल, 10 बीजीएल राउंड, 20 डेटोनेटर, लगभग 10 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री (फटाका बारूद) तथा एक बाइनाकुलर सहित अन्य सामग्री शामिल है। सुरक्षा की दृष्टि से बीडीएस टीम ने मौके पर ही विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित तरीके से निष्प्रभावी कर नष्ट कर दिया। इस अभियान में बीएसएफ 40वीं वाहिनी, डीआरजी और कोयलीबेड़ा पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कांकेर पुलिस ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से संयुक्त सर्चिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कोन्टा पुलिस की बड़ी सफलता : 223.020 किलो गांजा, फर्जी नंबर प्लेट लगी क्रेटा कार सहित तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**सुकमा।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे आगाज़ अभियान के तहत सुकमा जिले की कोन्टा थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 223.020 किलोग्राम अवैध गांजा, फर्जी नंबर प्लेट लगी क्रेटा कार, तीन मोबाइल फोन, नकद राशि एवं अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। कार्रवाई में राजस्थान के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य 1 करोड़ 27 लाख 26 हजार 600 बताया गया है। पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह एवं मनोज तिर्की के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी कोन्टा प्रशांत देवांगन के पर्यवेक्षण में जिलेभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 28 जुलाई की देर रात थाना कोन्टा पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की क्रेटा कार में भारी मात्रा में गांजा भरकर मलकानगिरी (ओडिशा) से मोटू पुल होते हुए कोन्टा के रास्ते राजस्थान के भीलवाड़ा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों को साथ लेकर कोन्टा नगर के कृष्ण मंदिर चौक, वार्ड क्रमांक-5 ढोंढरा में सघन नाकाबंदी की। सुबह लगभग 9:30 बजे संदिग्ध क्रेटा कार को रोककर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 110 पैकेटों में भरा 223.020 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन कराने पर इसकी पुष्टि हुई। बरामद गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 1 करोड़ 11 लाख 50 हजार आंकी गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान दुर्गा शंकर खारोल (19 वर्ष), मनीष खारोल (21 वर्ष) तथा रामदेव खारोल (23 वर्ष), निवासी जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) के रूप में बताई। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन, नकद राशि तथा अन्य सामग्री भी जब्त की। जांच के दौरान एक और बड़ा खुलासा हुआ। वाहन पर ओडिशा का फर्जी पंजीयन क्रमांक ओडी-02-एएक्स-7858 लगाया गया था, जबकि इंजन और चेसिस नंबर के सत्यापन में वाहन का वास्तविक पंजीयन क्रमांक ओडी-02-सीएफ-1159 पाया गया। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे ओडिशा के मलकानगिरी क्षेत्र से गांजा खरीदकर राजस्थान में अधिक कीमत पर बेचते थे और पुलिस की नजर से बचने के लिए वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग करते थे। थाना कोन्टा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 22/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(2)(सी), 29 तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेश करने के बाद तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अब गांजे के स्रोत, सप्लाई चेन और इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

# अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रणनीति पर हुआ मंथन







**नारायणपुर।** आयोजित अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा करते हुए दोनों राज्यों के पुलिस एवं सुरक्षा बलों के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (नक्सल विरोधी अभियान) छत्तीसगढ़ विवेकानंद, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्पेशल ऑप्स महाराष्ट्र डॉ. छेरिंग दोरजे, संयुक्त निदेशक इंटेलिजेंस ब्यूरो तथा विशेष पुलिस महानिरीक्षक नागपुर रेंज महाराष्ट्र संदीप पाटिल शामिल हुए। वहीं नारायणपुर में भौतिक रुप से बैठक में पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज बी.एन. मीणा, पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली एम. रमेश, पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राकेचा, पुलिस अधीक्षक नारायणपुर संदीप कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक बीजापुर उमेश गुप्ता सहित दोनों राज्यों के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों की वर्तमान सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करते हुए संयुक्त नक्सल विरोधी अभियानों, खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान तथा आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर सहमति व्यक्त की गई। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में सतत निगरानी, समन्वित कार्रवाई एवं प्रभावी रणनीति के माध्यम से वामपंथी उग्रवाद के विरुद्ध अभियान को और तेज करने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने सुरक्षा बलों के मध्य बेहतर समन्वय, निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, पेशेवर कार्यशैली तथा उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जनसहयोग एवं मजबूत खुफिया तंत्र के माध्यम से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विकास के वातावरण को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

बैठक के अंत में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अंतर्राज्यीय समन्वय बनाए रखने तथा संयुक्त प्रयासों के माध्यम से नक्सल विरोधी अभियानों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

# श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड ने जमुरिया में 8.90 MWp का कैप्टिव सोलर पावर प्रोजेक्ट शुरू किया

**कोलकाता** — श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड ने आज पश्चिम बंगाल के जमुरिया में स्थित अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में 8.90 MWp के सोलर पावर प्रोजेक्ट के सफल चालू होने की घोषणा की। यह उपलब्धि ग्रुप की उन कोशिशों में एक अहम कदम है, जिनके जरिए वह ज़्यादा पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा स्रोतों को अपना रहा है और अपनी सभी ऑपरेशनल सुविधाओं में पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को कम कर रहा है।

श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री बृज भूषण अग्रवाल ने कहा: जमुरिया में 8.90 MWp सोलर पावर क्षमता शुरू करना, सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग और क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ने के हमारे पक्के इरादे को दिखाता है।

कैपेक्स और ओपेक्स दोनों मॉडल्स की मिली-जुली रणनीति अपनाकर, हम अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए कैपिटल एफिशिएंसी और लंबे समय में लागत कम करने के बीच बेहतर तालमेल बिठा रहे हैं।

# चारामा में नेचर पार्क के सामने 'ट्री एटीएम' का किया गया स्थापना नागरिकों को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे





**कांकेर।** उत्तर बस्तर कांकेर 28 जुलाई 2026/हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने एवं जनसहभागिता से वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वनमंडल कांकेर के अंतर्गत चारामा परिक्षेत्र में नेचर पार्क जैसाकर्रा चारामा के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने ÷ट्री एटीएम÷ की स्थापना की गई है। इस अभिनव पहल के माध्यम से वर्षा ऋतु के वर्तमान रोपण सत्र में क्षेत्र के किसान, ग्रामवासी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं इच्छुक नागरिकों को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके। ट्री एटीएम में स्थानीय जलवायु के अनुरूप विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे उपलब्ध कराए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार पौधे प्राप्त कर उन्हें अपने खेतों, घरों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर रोपित कर सकते हैं। चारामा परिक्षेत्र का यह ट्री एटीएम वन विभाग की जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल है, जो वृक्षारोपण को सरल, सुलभ एवं जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वन विभाग ने किसानों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस पहल का अधिकतम लाभ उठाएँ तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लें।


# एसपी पंकज चंद्रा ने आईपीएस इंडक्शन ट्रेनिंग में हासिल किया उत्कृष्ट स्थान, टॉप-5 में शामिल होने पर मिला हाई अचीवमेंट सम्मान



**कोण्डागांव।** जिले के पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित पुलिस प्रशिक्षण संस्था सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) हैदराबाद में आयोजित 48वें आईपीएस इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप-5 स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए अकादमी द्वारा उन्हें हाई अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया है। सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद के 48वां आईपीएस इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स 6 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के कक्षा में प्रदर्शन, सहभागिता, सामान्य आचरण, प्रस्तुत किए गए केस स्टडी और बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इस मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अधिकारी एवं कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ पांच प्रतिभागियों में स्थान बनाया। इसके बाद अकादमी की ओर से उन्हें हाई अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा की यह उपलब्धि कोण्डागांव जिले के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है। आईपीएस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर उन्होंने अपनी कार्यक्षमता, नेतृत्व क्षमता और प्रशिक्षण के प्रति समर्पण का परिचय दिया है।

# कुआकोंडा में नशामुक्ति अभियान : नाटक और नृत्य से विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश



**किरंदुल।** विकासखंड कुआकोंडा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह भदौरिया ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भदौरिया ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं, इसलिए नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नाटक के माध्यम से दर्शाया गया कि नशे की लत किस प्रकार व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार, आर्थिक स्थिति एवं सामाजिक सम्मान को प्रभावित करती है। विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित सभी को भावुक करने के साथ नशामुक्त जीवन का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## ` सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिले जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष

# सहकारिता के सशक्तिकरण पर अहम बैठक, अध्यक्ष दिनेश कश्यप हुए शामिल



**जगदलपुर।** मंत्रालय महानदी भवन में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से प्रदेश के सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने सौजन्य भेंट कर सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जगदलपुर के अध्यक्ष दिनेश कश्यप भी शामिल हुए।बैठक में पैक्स समितियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ ही प्राथमिक कृषि साख समितियों को मजबूत करने, सहकारी संस्थाओं के कार्य-व्यवसाय के विस्तार और पारदर्शी संचालन पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने बैंकों एवं समितियों के संचालन से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। इनमें रिक्त पदों पर भर्ती, कर्मचारियों के स्थानांतरण, धान खरीदी के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं, कालातीत ऋणों की वसूली, अनुकंपा नियुक्ति, कर्मचारियों के भत्ते तथा एक्सग्रेशिया भुगतान जैसे विषय प्रमुख रहे। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने इन सभी मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक एवं सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने डिजिटल तकनीक के उपयोग, समितियों के आधुनिकीकरण, पारदर्शिता बढ़ाने तथा ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर सहकारी संस्थाओं को अधिक प्रभावी एवं आत्मनिर्भर बनाने पर भी बल दिया।

# पुलिस ने जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों को साइबर अपराध यातायात नियम और नए कानूनों की दी जानकारी



**सुकमा।** जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम अन्दूमपाल में पुलिस द्वारा ग्रामीणों के साथ जनजागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पटेल, पुजारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए बताया कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही ऑनलाइन ठगी की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा देश में लागू नए आपराधिक कानूनों की प्रमुख जानकारियां भी साझा की गईं, ताकि आम नागरिक अपने अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं से परिचित हो सकें। बैठक में पुलिस ने विशेष रूप से ग्रामीणों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नक्सली विचारधारा का प्रचार-प्रसार करता है, युवाओं को गुमराह करने का प्रयास करता है या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो उसकी सूचना तत्काल निकटतम थाना या पुलिस को दें। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास को और अधिक मजबूती मिल सकती है। बैठक के अंत में ग्रामीणों ने पुलिस के साथ सहयोग बनाए रखने तथा गांव में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने का भरोसा दिलाया।

# डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा के निर्देशन में यातायात व्यवस्था के लिए बैठक आयोजित

■ जनसहभागिता से यातायात सुधार को मिलेगा नया आयाम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर में सुरक्षित, सुगम एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस, पुलिस कमिश्नरेट रायपुर द्वारा लगातार नवाचार एवं जनसहभागिता आधारित पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज यातायात सभागार में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं (एनजीओ) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं, चुनौतियों एवं उनके व्यावहारिक समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई तथा एनजीओ प्रतिनिधियों से सकारात्मक एवं रचनात्मक सुझाव आमंत्रित किए गए।

बैठक में उपस्थित विभिन्न एनजीओ प्रतिनिधियों ने शहर के प्रमुख मार्गों, स्कूल क्षेत्रों, बाजारों एवं व्यस्त चौराहों पर यातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए। डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा ने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था केवल पुलिस के प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। इसलिए नागरिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी यातायात सुधार की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बैठक के दौरान डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा पूर्व में भी विभिन्न हितधारकों के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया गया है। इसके अंतर्गत स्कूल प्रबंधन की बैठकें, अभिभावक बैठकें, नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन संचालन रोकने हेतु विशेष जागरूकता अभियान, विद्यालयों में यातायात शिक्षा कार्यक्रम तथा स्कूल बसों की विशेष जांच एवं निरीक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। इन अभियानों का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति समाज में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से शहर के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों एवं आवासीय क्षेत्रों में संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में यातायात पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर नागरिकों, विद्यार्थियों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व तथा जिम्मेदार वाहन संचालन के संबंध में जागरूक करेंगे।

डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा ने कहा कि यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से प्राप्त सुझावों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर उन्हें चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। यातायात पुलिस का उद्देश्य केवल नियमों का पालन कराना नहीं, बल्कि जनसहयोग एवं जनभागीदारी के माध्यम से एक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुगम यातायात संस्कृति विकसित करना है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की, ताकि रायपुर को सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन के क्षेत्र में एक आदर्श शहर बनाया जा सके।

# संत गुरु रविदास महाराज का समरसता संदेश विकसित भारत का आधार : जसविंदर बग्गा

■ समाज में क्रांति शस्त्र से नहीं, स्वच्छ विचार और विशुद्ध चेतना से आती है।



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को गुरु रविदास महाराज जी के 650वीं जन्म जयंती पर समरसता संकल्प अभियान, घर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथप्रदर्शक हैं। उनके समता, सामाजिक न्याय, सद्भाव और समरसता के विचार आज भी विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार हैं। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 29 जुलाई 2026 (आषाढ़ पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (माघ पूर्णिमा) तक पूरे देश में समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सेवा, सामाजिक समरसता एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मूल भाव भी संत गुरु रविदास महाराज के विचारों से प्रेरित है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 29 जुलाई को देशभर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें 51 हजार स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके बाद 29 जुलाई से 10 सितंबर तक कलश वंदन अभियान चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से वाराणसी स्थित गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पवित्र मिट्टी देशभर के राज्यों, जिलों और मंदिरों तक पहुंचाई जाएगी।

साथ ही 29 जुलाई से 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान, 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डेरा सचखंड बल्लां (जालंधर) से वाराणसी तक गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा तथा 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्रावास संपर्क अभियान आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

# निगम आयुक्त ने विभिन्न निर्माण कार्यों, प्रस्तावित स्थल व सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुरूचि सिंह ने शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, प्रस्तावित कार्यस्थलों, तालाबों एवं सफाई व्यवस्था सहित आईटीआई में संचालित कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से बेहतर सफाई सुनिश्चित करने कहा।

निगम आयुक्त ने कॉलोनी विकास शुल्क मद से अनुष्ठा रेसिडेंसी में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि कॉलोनीवासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात आयुक्त ने अयप्पा नगर में प्रस्तावित कार्य स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रस्तावित कार्य की आवश्यकताओं एवं स्थल की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# हर घर नल से जल पहुंचाने के कार्य में लापरवाही बर्दाशत नहीं : कलेक्टर

■ ठेकेदारों को तय समय -सीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने के कार्य अब तय समय सीमा में करना होगा। लापरवाही पर ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड और अधिकारियो पर कार्यवाही होगी। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अधिकारियो और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की अति महत्वकांक्षी अभियान है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में हर -घर नल से जल सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्णता के लिये ठेकेदारो को कई बार समय विस्तार देने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हुए है,लेकिन इस बार अंतिम रूप से समय सीमा निर्धारित की जा रही है। तय समय -सीमा के भीतर काम पूरा नहीं होने पर संबधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। उन्होंने चरबद्ध ढंग से विकखंडवार समय पर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए पहले चरण में विकासखंड बलौदाबाजार और पलारी में आगामी सितम्बर 2026 तक प्रत्येक गांव में हर घर जल पहुंचाने समय निर्धारित किया। इसके साथ ही शेष विकासखंडो में मार्च 2027 तक सभी कार्य पूर्ण कराने कहा।उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर जल स्त्रोत की समस्या है वहां जिला प्रशासन द्वारा जल स्त्रोत की व्यवस्था कराई जाएगी,जल स्त्रोत उपलब्ध होने के बाद एसडीओ और सब इंजीनियर शीघ्र स्त्रोत से पानी टंकी तक ले जाने का कार्य एवं हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य 15 दिन में पुरा करायेंगे।

कलेक्टर ने कहा कि हर घर नल से जल का कार्य पूरा रा होने के पश्चात् 6 माह तक पीएचई द्वारा ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान पंचायतों में पाइप बिछाने के लिये ठेकेदार द्वारा तोड़े गये सड़क एवं नालियों की मरम्मत कराने के पश्चात् ही ग्राम पंचायत संचालन हेतु हैंड ओवर लेंगे।

# कृषि महाविद्यालय रायपुर की प्राध्यापिका व छात्रा ने राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, रायपुर की प्राध्यापिका, डॉ. राजश्री गायन तथा द्वितीय वर्ष की छात्रा एवं 8 सीजी गर्ल्स बटालियन (NCC) की कैडेट सुश्री रिद्धिमा अग्रवाल ने 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 21 जुलाई 2026 तक माना स्थित शूटिंग रेंज, रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के निशानेबाजों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया। डॉ. राजश्री गायन ने 10 मीटर एवं 25 मीटर एयर पिस्टल (महिला मास्टर्स वर्ग) में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक अर्जित किए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार कृषि महाविद्यालय, रायपुर की द्वितीय वर्ष की छात्रा एवं 8 सीजी गर्ल्स बटालियन (NCC) की कैडेट रिद्धिमा अग्रवाल ने 50 मीटर ओपन साइट राइफल महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षा के साथ-साथ खेल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी महाविद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

# महापौर मधुसूदन यादव ने मोहारा फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

■ प्लांट जैसे संवेदनशील स्थल को ध्यान में रख सावधानी बरतने तथा व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** महापौर मधुसूदन यादव सुबह निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य व मोहारा के पार्षद आलोक श्रोती, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल के साथ मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर निगम अधिकारी तथा प्लांट संचालक कम्पनी के अधिकारी से कहा कि अति आवश्यक सेवा देने वाली संवेदनशील स्थल प्लांट में सावधानी बरतते हुऐ व्यवस्था सुदृढ़ रखा जाए जिससे किसी प्रकार की अर्प्रिय स्थिति निर्मित न हो।

महापौर श्री यादव ने फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर अधिकारियो से चर्चा किए। उन्होंने कहा कि कल रात्रि अचानक क्लोरिंन गैस रिसाव की स्थिति निर्मित हो गयी थी, जिसे समय में काबू कर लिया गया था। प्लांट कर्मियो की सजगता से स्थिति सामान्य हुई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हुई।

# 3 करोड़ 27 लाख 52 हजार का भूमिपूजन



**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नगर पालिक निगम रिसाली के दशहरा मैदान को संवारने भूमिपूजन किया। 1 करोड़ 83 लाख 32 हजार से दशहरा मैदान का कायाकल्प किया जाएगा। विधायक ने बुधवार को निगम क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में 327.52 लाख का भूमिपूजन किया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने संकल्प को पूर्ण बिना भेदभाव के कर रही है। दलगत राजनिति से उपर उठकर उनका प्रयास है कि जनता के हित में विकास हो। यही वजह है कि उन्होंने दशहरा मैदान को संवारने का उद्देश्य पूरा किया। आज के बाद रिसाली सेक्टर वार्ड 08 स्थित दशहरा मैदान का दशा और दिशा दोनो बदल जाएगा। दशहरा मैदान का स्वरूप बिलकुल अत्याधुनिक होगा। 1 करोड़ 83 लाख 32 हजार की राशि से मैदान का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

# मोहदी में गुरु पूर्णिमा पर विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

■ विधायक अनुज शर्मा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल



**धरसींवा (विश्व परिवार)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहदी (धरसींवा) में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक अनुज शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित शिक्षकों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले छोटे-छोटे बच्चों को तिलक लगाकर, पुस्तकें एवं गणवेश वितरित कर शाला प्रवेश कराया गया। शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

# नेत्रदान से दो जिंदगियों को मिलेगी नई रोशनी, परिवार के अन्य सदस्यों ने भी लिया नेत्रदान का संकल्प

■ स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से की नेत्रदान की अपील



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिले के भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जरहागांव में नेत्रदान के माध्यम से मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। दिवंगत श्रीमती रोहिणी वर्मा के परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा एवं मानव सेवा की भावना का सम्मान करते हुए उनका नेत्रदान कराया। इस पुनीत कार्य से दो दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में पुन: उजाला आने की उम्मीद जगी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी, खंड चिकित्सा अधिकारी भाटापारा डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा माहेश्वरी के मार्गदर्शन में नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई।नेत्र सहायक अधिकारी पद्मिनी सिंगरौल द्वारा नेत्र सुरक्षित रूप से निकाले गए। नेत्र सहायक अधिकारी शारिक हैदरी एवं किस्मत गुलेरी द्वारा प्राप्त नेत्रों को सुरक्षित रूप से नेत्र बैंक तक पहुँचाया गया। इस पुण्य कार्य में दिवंगत श्रीमती रोहिणी वर्मा के परिजन मोतीराम वर्मा, हरिकिशन वर्मा, पूना राम वर्मा सहित परिवार के सभी सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ और सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि नेत्रदान महादान है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने 'रिसर्च रीइमेजिन्ड 2026' कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंधन संकाय ने ओझा पब्लिकेशन एंड रिसर्च हाउस के सहयोग से 20 से 25 जुलाई 2026 तक हाइब्रिड मोड में एक-सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) 'रिसर्च रीइमेजिन्ड 2026' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षाविदों, शोधार्थियों और स्नातकोत्तर छात्रों को उन्नत शोध पद्धतियों, एआई-सक्षम (AI-enabled) शोध उपकरणों, प्रकाशन रणनीतियों और डेटा एनालिटिक्स से लैस करना था।

इस एफडीपी (FDP) को पूरे भारत के संस्थानों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। कार्यक्रम की शुरुआत इंटरनेशनल हेलेनिक यूनिवर्सिटी, ग्रीस के डॉ. जॉर्जियोस ममानिस के मुख्य भाषण के साथ हुई, जिन्होंने वैश्विक शोध परिदृश्य के बदलते स्वरूप पर अपने विचार साझा किए।

मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी, एनएमआईएमएस हैदराबाद, संदीप यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू पुणे, एसआईआईबी-सिम्बायोसिस, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, एसआर यूनिवर्सिटी और सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी सहित देश के प्रमुख संस्थानों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने शोध डिजाइन, व्यवस्थित साहित्य समीक्षा, एआई-संचालित शोध, सांख्यिकीय विश्लेषण, अकादमिक लेखन, प्रकाशन रणनीति, अनुसंधान नैतिकता, बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR), फंडिंग के अवसर और व्यावसायीकरण पर सत्र आयोजित किए।

इस एफडीपी में इंटरैक्टिव और व्यावहारिक (Hands-on) सत्र शामिल थे, जिससे प्रतिभागियों को एआई-सक्षम शोध पारिस्थितिकी तंत्र, उन्नत डेटा एनालिटिक्स और प्रकाशन उत्कृष्टता का अनुभव प्राप्त हुआ। वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के डीन और कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्रीकृष्ण ढाले ने अंतरविषय अनुसंधान, नैतिकता और एआई-संचालित नवाचार के महत्व पर जोर दिया। वहीं प्रबंधन विभाग की अध्यक्ष और सह-संयोजक डॉ. निष्ठा शर्मा ने शिक्षण और शोध की गुणवत्ता बढ़ाने में संकाय विकास की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. शिंकी के. पांडे, डॉ. दीप्ति पटनायक, डॉ. रूपम जैन हाजरा और डॉ. दिव्या नंदिनी शर्मा द्वारा किया गया, जिनके प्रयासों से इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के व्यावहारिक दृष्टिकोण, विशिष्ट वक्ताओं और बदलते शोध परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता की काफी सराहना की।

# प्रेस क्लब ने वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे पर पेंटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे' के अवसर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के विजेताओं को 2 अगस्त 2026, रविवार को दोपहर 2:00 बजे प्रेस क्लब परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मन्त्रीगण विषेश रूप से उपस्थित रहेंगे। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन अलग-अलग श्रेणियों में किया गया था।

# एनएचआरसी के विशेष मॉनिटर ने मानवाधिकार शिक्षा, लैंगिक समानता व स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने एम्स का किया दौरा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के विशेष मॉनिटर प्रो. कन्हैया त्रिपाठी ने आज एम्स रायपुर का दौरा किया। छत्तीसगढ़ में 21-27 जुलाई 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मानवाधिकार शिक्षा एवं लैंगिक समानता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने एम्स परिवार के साथ बैठक कर 'मानवाधिकार-आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना' विषय पर अपने विचार साझा किए।

अपने संबोधन में प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण, सुलभ, सुरक्षित, समानतापूर्ण एवं गरिमापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रत्येक नागरिक का मौलिक मानवाधिकार हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को करुणा, समानता, सम्मान, समावेशिता तथा समान अवसरों के सिद्धांतों पर आधारित रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में मानवाधिकारों की सुरक्षा हेतु संस्थागत व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि चिकित्सा संस्थानों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य संस्थानों में हिंसा एवं दुर्व्यवहार की रोकथाम तथा रोगियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी पहल की जा सकती है।

प्रो. त्रिपाठी ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने हेतु स्टूडेंट ह्यूमन राइट्स एवं जेंडर इक्वालिटी क्लब, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताएँ तथा जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने उपयुक्त संस्थागत मान्यता के साथ प्रशिक्षित छात्र परामर्शदाताओं के विकास की संभावनाओं पर भी विचार करने की बात कही। उन्होंने एम्स रायपुर द्वारा संचालित सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम, जन-जागरूकता पहलों तथा गैर-सरकारी संगठनों के साथ सहयोग की भी सराहना की।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

## कोयला मजदूर सभा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** कोयला मजदूर सभा के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कोरबा संभाग प्रभारी श्री केदारनाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में गेवरा-दीपका क्षेत्र एवं सीईडब्ल्यू गेवरा में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, क्षेत्र में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान तथा मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी सक्रिय इकाइयों और समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से श्रमिक हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा एवं एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



# पुलिस का जज़्बा ही सुरक्षित, शांत और विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी ताकत : मुख्यमंत्री

■ पत्रिका जज़्बा पुलिस अवार्ड्स-2026 में मुख्यमंत्री श्री साय ने उत्कृष्ट पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को किया सम्मानित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा, विश्वास और सुशासन की सबसे मजबूत आधारशिला है। पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर, हर मौसम और हर चुनौती के बीच दिन-रात जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित रहते हैं। उनके त्याग, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही आम नागरिक अपने घरों में निश्चिंत होकर जीवन जी पाते हैं। ऐसे समर्पित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है।

मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के शांति नगर स्थित एक निजी सभागार में आयोजित 'जज़्बा पुलिस अवार्ड्स-2026' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे पुलिस बल के मनोबल और सेवा भावना का सम्मान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्हें छत्तीसगढ़ के साहसी, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों के बीच उपस्थित होकर विशेष आत्मीयता और गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, बल्कि त्याग, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य का निर्वहन जिस निष्ठा से करते हैं, वह समाज के लिए प्रेरणा का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में महिलाओं की 53 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ पुलिस की सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेश्वरी यादव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने 199 किलोग्राम भार उठाकर न केवल देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि यह सिद्ध किया है कि पुलिस बल के जवान सेवा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उनकी उपलब्धि पूरे प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### नक्सलवाद पर निर्णायक विजय में पुलिस बल की भूमिका ऐतिहासिक

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्षों तक नक्सलवाद ने बस्तर के विकास की गति को बाधित किया। प्राकृतिक सौंदर्य, खनिज संपदा और समृद्ध जनजातीय संस्कृति से परिपूर्ण यह क्षेत्र हिंसा और भय के कारण अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप आगे नहीं बढ़ पा रहा था। आज बस्तर विकास, विश्वास और परिवर्तन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह की दृढ़ रणनीति तथा राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस का परिणाम है।

# बच्चों के अधिकारों पर जीरो टॉलरेंस धमतरी में बाल आयोग ने की कड़ी समीक्षा

■ बालकोष से सुरक्षा तक आयोग का बड़ा एक्शन प्लान




**धमतरी (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने दो दिवसीय धमतरी प्रवास के दौरान बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संरक्षण से जुड़े विषयों की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि बच्चों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रवास के प्रथम दिवस ग्राम घठुला में 'बाल चौपाल 2.0' के माध्यम से बच्चों से सीधा संवाद किया गया, वहीं 'समझदार पालक-सशक्त प्रदेश' कार्यशाला के जरिए अभिभावकों को सकारात्मक पालन-पोषण, बाल अधिकार एवं सुरक्षित पारिवारिक वातावरण के प्रति जागरूक किया गया।

द्वितीय दिवस की शुरुआत बाल गृह के औचक निरीक्षण से हुई। निरीक्षण के दौरान बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं में गंभीर कमियां सामने आईं। भोजन एवं स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। पर्याप्त बेडशीट, साफ कपड़े, जूते-चप्पल, रेनकोट, खेल सामग्री एवं पुस्तकालय जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव पाया गया। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने इन अव्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति बच्चों के गरिमापूर्ण जीवन, संरक्षण एवं सर्वोत्तम हित के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई कर निर्धारित समय-सीमा में अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला कलेक्टर अविनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी इक्का सहित महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, समाज कल्याण, खेल, आबकारी, श्रम, किशोर न्याय बोर्ड, जिला अस्पताल, बाल कल्याण समिति तथा अन्य विभागों के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# खाद के संकट से प्रदेश में हाहाकार, भाजपा सरकार मौन है: दीपक बैज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पूरे प्रदेश में खाद की कमी के कारण बोनी और थरहा का काम प्रभावित हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि खाद के संकट से प्रदेश में हाहाकार, सरकार मौन है। किसानी पिछड़ रही है लेकिन सत्ता में बैठे जिम्मेदार केवल फर्जी दावें करके अपनी जिम्मेदारियों से दूर भाग रहे हैं। खाद की पर्याप्त उपलब्धता के सरकारी दावों को किसानों के साथ भद्दा मज़ाक है। किसान लगातार आंदोलित हैं, जगह जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है लेकिन किसान विरोधी यह सरकार केवल फर्जी दावें करके इस समस्या से ही इनकार कर रही है। इस खरीफसीजन की खेती का समय तेजी से निकल रहा है लेकिन अभी तक पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराने में सरकार नाकाम है इसी वजह से खाद और बीज के कालाबाजारी हो रही है, नकली खाद अमानक गुणवत्ताहीन खाद बिक रहे हैं, किसान महंगे रेट पर खाद बीज खरीदने को मजबूर हैं।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि जब सोसायटियों में पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध नहीं है तो फिर महंगे दाम पर निजी दुकानों में कैसे बिक रहा है? नकली खाद और बीज आ कहां से रहे हैं? किसानों की शिकायत पर तत्काल ठोस कार्रवाई क्यों नहीं किया जा रहा है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि मात्र 24 हजार टन डीएपी के कागजी आबंटन को अपनी उपलब्धि बता कर श्रेय लेने वाले भाजपा नेताओं को यह बताना चाहिए खुद के ही द्वारा तय लक्ष्य 15 लाख 55 हजार मीट्रिक टन में से केवल 7 लाख 27 हजार 833 मीट्रिक टन खाद ही किसानों को दिया गया है जो कि मांग के आधे से भी कम है। सबसे कम वितरण डीएपी और यूरिया का है जो किसानों के मांग की तुलना में चौथाई भी नहीं है।

# नीट परीक्षा को लेकर युवाओं की हितैषी बनने का पाखण्ड प्रदर्शित कर रही कांग्रेस: श्रीवास

■ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास की सीजी-पीएससी घोटाले को लेकर पत्रकार वार्ता; पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी-पीएससी) घोटाले और राज्य में पिछली सरकार के दौरान विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस व पिछली भूपेश सरकार पर जमकर हमला बोला है। बुधवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में श्री श्रीवास ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में सीजी-पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी की ईडी और सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह घोटाला केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि राज्य के युवाओं के साथ हुआ एक बड़ा षड्यंत्र था।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री श्रीवास ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के कारण आज देश की दो प्रमुख जाँच एजेंसियाँ सीबीआई व ईडी इस घोटाले की परत-दर-परत जाँच कर रही हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए श्री श्रीवास ने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल सरकार के समय जब युवाओं ने सबूत दिए थे, तब भी इसे स्वीकार नहीं किया गया। यहाँ तक कि जब राहुल गांधी बिलासपुर यात्रा के दौरान ट्रेन से सफर कर रहे थे, तब युवाओं ने उन्हें सीजी-पीएससी घोटाले के प्रमाण दिए थे, लेकिन राहुल गांधी ने भी तब इस पर चुप्पी साध ली थी! श्री श्रीवास ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस नेता इस घोटाले को स्वीकार करते हैं? यदि उन्हें पश्चाताप है, तो वे प्रदेश के युवाओं से माफी मांगें।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री श्रीवास ने आरोप लगाया कि वन रक्षक परीक्षा की शारीरिक दक्षता दौड़ में ऐसे रिकॉर्ड दिखाए गए जिससे 'उसैन बोल्ट' का विश्व रिकॉर्ड भी टूट जाए, जो कि व्यापक फर्जीवाड़े का उदाहरण है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सड़क हादसे में घायल

■ यूपी में ट्रक से टकराई कार, कमर पर चोट, बागेश्वर धाम से लौट रहे थे



**झांसी (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधानसभा से विधायक किरण सिंह देव सडक् हादसे में घायल हो गए हैं। यूपी के झांसी से सटे ललितपुर में बुधवार दोपहर एनएच 44 पर उनकी कार सडक् किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद उन्हें तुरंत झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। किरण सिंह देव की कमर में गहरी चोट आई है। उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत है। शुरुआती जांच में उनकी बॉडी में किसी फ्रैक्चर की पुष्टि नहीं हुई है। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम, एसएसपी समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए। किरण सिंह देव बागेश्वर धाम गए थे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वे परिवार के साथ वहां पहुंचे थे। वापसी के दौरान यह हादसा हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तालबेहट में जिस जगह हादसा हुआ, वह ललितपुर जिला मुख्यालय से करीब 44 किमी दूर है। नेशनल हाईवे-44 पर सामने आ रही तेज रफ्तार कार ने अचानक कट मार दिया। गाड़ी को बचाने में किरण सिंह देव के ड्राइवर ने कार को मोड़ा, तभी वह कंट्रोल खो बैठा और कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई।

## नो पार्किंग में खड़े 217 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**दुर्ग।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुगम और बाधारहित बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस दुर्ग ने नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। अभियान के तहत पिछले दो दिनों में 217 दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

### शोक संदेश

## जसपाल सिंह झास

**रायपुर।** कटोरा तालाब निवासी जसपाल सिंह झास का आकस्मिक निधन 29 जुलाई को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 30 जुलाई को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम पर ले जाई जाएगी। वे कँवलजीत सिंह (सन्नी) के पिता एवं गुरमीत सिंह झास,कृपाल सिंह झास,एवं हरपाल सिंह झास के भाई थे।



# वन मंत्री केदार कश्यप की पहल से रायपुर के 70 वार्डों में पहुँचेगी हरियाली

■ 'नेचर्स ए.टी.एम.' के माध्यम से निःशुल्क मिलेंगे पौधे, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिला नया विस्तार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की परिकल्पना 'हरियर छत्तीसगढ़' और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को नई गति देते हुए वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की पहल पर रायपुर शहर के सभी 70 वार्डों में 'नेचर्स ए.टी.एम.' (Nature's ATM) के माध्यम से निःशुल्क पौधा वितरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देना तथा प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को नया रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास से 'नेचर्स ए.टी.एम.' वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रायपुर वनमंडल द्वारा प्रारंभ किए गए इस चलित पौधा वितरण वाहन के माध्यम से शहर के सभी 70 वार्डों में घर-घर पहुँचकर नागरिकों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का संचालन प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरुण कुमार पांडे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

'नेचर्स ए.टी.एम.' के माध्यम से नागरिकों को फलदार, छायादार एवं अधिक ऑक्सीजन प्रदान करने वाले विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक पौधे के संरक्षण और उसके प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना भी है। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पेड़-पौधे हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे अमूल्य धरोहर हैं। माँ के सम्मान में लगाया गया एक पौधा मातृभक्ति के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण का भी सशक्त प्रतीक है।

## बिलासपुर सेन्ट्रल-जेल में जलती भट्टी में कूदकर कैदी का सुसाइड

**बिलासपुर।** बिलासपुर सेंट्रल जेल में बुधवार को डबल मर्डर के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी ने सुसाइड कर लिया। बंदी ने जेल परिसर में गैसीफायर प्लांट की जलती भट्टी में छलांग लगा दी। शुरुआती जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राहुल ऊर्फ विकेश कंवर (46) के रूप में हुई है, जो बम्हनीडीह चांपा का रहने वाला था। राहुल पिछले 10 साल से जेल में बंद था। बता दें कि बिलासपुर सेंट्रल जेल में पिछले एक महीने में 5 बंदियों की मौत हो चुकी है। 23 जून को पॉक्सो के आरोपी नीलू जगत की हत्या जेल के भीतर हुई थी। इसके बाद रायगढ़ निवासी आजीवन कारावास की सजा काट रहे रामभरोसे माझी की तबीयत बिगडने के बाद मौत हुई। जून में ही गतौरा निवासी राजू गोंड और उससे पहले धर्मेंद्र सिंह की भी जेल में मौत हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर संजय अग्रवाल और SSP रजनेश सिंह सहित पुलिस अफसरों की टीम सेंट्रल जेल पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण कर जेल अधिकारियों से जानकारी ली। FSL और पुलिस की टीम भी जांच में जुट गई है।

# आंजनेय विश्वविद्यालय में एआई प्रशिक्षण सम्पन्न, आधुनिक तकनीक से रूबरू हुए शिक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसी आधुनिक तकनीकों को समाज और संगठन के कार्यों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आंजनेय विश्वविद्यालय, नरदाहा में भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ, रायपुर जिला इकाई द्वारा एक दिवसीय एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ, रायपुर जिला के जिला संयोजक श्री अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में जिला सह-संयोजक श्री शरद चन्द्रा, श्री निलेश पांडेय, श्रीमती दीपिका सोनी तथा रायपुर जिला शिक्षा प्रकोष्ठ की पूरी कार्यकारिणी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अपने संबोधन में श्री अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक नई तकनीक नहीं, बल्कि शिक्षा, प्रशासन, संचार और जनसेवा के क्षेत्र में तेजी से बदलाव लाने वाला प्रभावी माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि आंजनेय विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को भी नई तकनीकों से जोड़ना है। इसी सोच के साथ विश्वविद्यालय ने इस प्रशिक्षण का आयोजन किया, ताकि कार्यकर्ता एआई के व्यावहारिक उपयोग को समझें और उसे अपने दैनंदिन कार्यों में प्रभावी ढंग से अपना सकें।

कार्यक्रम में रायपुर जिला अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, रायपुर जिला प्रभारी श्री राजेंद्र शर्मा, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कांतिलाल जैन, छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कवाड़िया, छत्तीसगढ़ लौह एवं शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य बाल आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मितुल कोठारी, भाजपा प्रदेश आईटी सेल प्रभारी सुनील पिल्लई, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने ली बस्तर संभाग के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक

■ कहा- नक्सलमुक्त बस्तर की तर्ज पर मलेरियामुक्त बस्तर की दिशा में सार्थक प्रयास करें



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल आज जिला मुख्यालय कांकेर पहुंचकर बस्तर संभाग के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय प्रगति की जानकारी ली तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संभाग के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' की आशातीत सफलता की बधाई देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की इच्छाशक्ति से जिस तरह बस्तर को नक्सलमुक्त बनाया गया, उसी तर्ज पर इसे मलेरियामुक्त बनाने की दिशा में ठोस व सार्थक प्रयास करें।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में मंगलवार को सुबह आयोजित मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम तथा प्रबंधन पर आधारित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी में बस्तर का स्वास्थ्य अमला पूरी शिद्दत व ईमानदारी के साथ मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान को सफल बनाया। उन्होंने टीम वर्क के साथ सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से परस्पर समन्वय स्थापित कर प्राथमिक सेवाओं को निचले स्तर पर पहुंचाने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि जब तक मैदानी अमला पूरे समर्पण भाव से सक्रिय होकर अपनी विभागीय जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन नहीं करेगा, तब तक किसी भी अभियान की सफलता संभव नहीं है। स्वास्थ्य सेवाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिक सेवाओं में शामिल हैं और शासन ने अवसर तथा उत्तरदायित्व सौंपा है, उन्हें अवश्य पूर्ण करें। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बस्तर में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा मलेरियामुक्त बस्तर का संकल्प भी जल्द ही पूरा होगा।

इसके पहले स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया तथा संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. संजीव झा ने बस्तर संभाग के सभी सात जिलों कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, बस्तर, सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की एजेण्डावार व जिलावार समीक्षा करते हुए विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी ली। बैठक में स्वास्थ्य सचिव श्री कटारिया ने कहा कि विभाग का मैदानी अमला लगातार फील्ड में जाकर सैम्पल संग्रहित करें तथा पॉजीटिव रिपोर्ट आने पर तत्काल उपचार शुरू करें।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354